


* ओड़िशा संस्करण


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 26 फरवरी, 2025 , बुधवार, वर्ष 10, अंक 129, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2081, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00






आप सभी शिव भक्तों को
महाशिवरात्रि
पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
जैलेन्द्र कुमार
पूर्व जिला अध्यक्ष
रांची ग्रामीण, भाजपा



कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



रांची 26 फरवरी, 2025 , बुधवार, वर्ष 10, अंक 129, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2081, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 79,800 रु./10 ग्राम
चांदी 97,000 रु./प्रति किलो



# सज्जन कुमार को सजा सुनाये जाने से पूरा हुआ इंसाफ का चक्र

## ■ 1984 के सिख विरोधी दंगों के मास्टर माइंड के रूप में चर्चित हैं पूर्व सांसद

## ■ सज्जन कुमार को दंगों के एक मामले में पहले भी सुनायी जा चुकी है सजा

## ■ अदालत के फैसले से दंगा प्रभावित परिवारों को 41 साल बाद मिला इंसाफ

**1984 के सिख दंगों में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राउस एवेन्यू कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुना दी है। सज्जन कुमार को इससे पहले एक और मामले में उम्रकैद की सजा मिल चुकी है, यानी कि दूसरी बार उन्हें यही सजा दी गयी है। सभी के मन में एक सवाल आ रहा है, आखिर सज्जन कुमार ने सिख दंगों में क्या भूमिका निभायी थी? एक सवाल तो यह भी आता है कि न्याय मिलने में इतने साल कैसे लग गये? इन सवालों के जवाब जानने से पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर 1984 का सिख विरोधी दंगा क्यों हुआ था और आजाद भारत के इतिहास में पहली बार किसी खास कौम के लोगों के साथ इतने बड़े पैमाने पर इस तरह का हिंसक व्यवहार क्यों किया गया था, वह भी देश की राजधानी दिल्ली में, जहां से पूरे देश का शासन चलता है और भारत की संप्रभुता के दर्शन होते हैं। वास्तव में सज्जन कुमार उस समय सत्तारूढ़ कांग्रेस के उन मुट्ठी भर नेताओं का चेहरा भर थे, जिन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पैदा हुए जन आक्रोश को एक कौम के खिलाफ इस्तेमाल करने की साजिश रची थी। सज्जन कुमार को सजा सुनाये जाने के बाद से 41 साल पहले हुए इस बर्बर घटना के प्रभावितों को इंसाफ मिल गया है। क्या था 1984 का सिख विरोधी दंगा, कौन हैं सज्जन कुमार और क्या थी दंगों में उनकी भूमिका, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह


कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख दंगे से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनायी है। वह पहले ही दिल्ली हाइकोर्ट की तरफ से इन्हीं दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा पा चुके हैं। ऐसे में निचली अदालत की तरफ से एक और मामले में दोषी पाये जाने के बाद सिख दंगों में उनकी बड़ी भूमिका को लेकर चर्चा शुरू हो गयी है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर सज्जन कुमार कौन हैं? 1984 सिख दंगे में उनकी क्या भूमिका रही थी? कोर्ट में उन पर किन-किन आरोपों के तहत सुनवाई हुई है या जारी है? किन अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया, वहीं कहां उन्हें सजा हुई है? मौजूदा समय में इन मामलों में क्या चल रहा है?

### इंदिरा गांधी की हत्या

31 अक्टूबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो अंगरक्षकों ने कर दी। इस घटना के बाद राजधानी समेत पूरी दिल्ली में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। ये दंगे भी 1984 में एक घटना की वजह से शुरू हुए थे। वह घटना थी ऑपरेशन ब्लू स्टार, यानी सिखों के सबसे बड़े धर्मस्थल स्वर्ण मंदिर में सैनिक कार्रवाई। इंदिरा गांधी द्वारा लिये गये ऑपरेशन ब्लू स्टार के फैसले से सिख समुदाय गुस्से में था। ऐसे में उनके दो सुरक्षाकर्मियों, बेअंत सिंह और सतवंत सिंह ने उनकी हत्या कर दी। असल में जून 1984 में स्वर्ण मंदिर पर कब्जा कर लिया गया था और आतंकी जरनैल सिंह भिंडरावाले ने आतंक मचा रखा था। उस आतंक से मुक्ति के लिए इंदिरा गांधी ने एक बड़ा फैसला लिया। वह फैसला था ऑपरेशन ब्लू स्टार का। ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत इंदिरा गांधी ने भारतीय सेना को स्वर्ण मंदिर में कार्रवाई करने की इजाजत दे दी। उस कार्रवाई में भिंडरावाले के साथ उसके कई दूसरे साथी भी मारे गये। माना जाता है कि उस ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद ही इंदिरा गांधी के खिलाफ गुस्सा पनपने लगा था। पूरा सिख समुदाय उनसे खफा था।

### इंदिरा की हत्या और सिखों का नरसंहार

इसी वजह से 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की उन्हीं के दो सुरक्षाकर्मियों ने हत्या कर दी। चूंकि हत्या को अंजाम देने वाले सिख समुदाय से आते थे, पूरा गुस्सा भी उसी कौम के खिलाफ निकला। खासतौर पर दिल्ली में सैकड़ों सिखों को मौत के घाट उतार दिया गया। उनके घर जला दिये गये। बिजनेस को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया गया। सिखों के खिलाफ भड़के इस गुस्से में बड़ी भूमिका तब के कांग्रेस नेता सज्जन कुमार की थी। सज्जन कुमार के लिए कहा जाता है कि उन्होंने इन दंगों को भड़काने में अहम भूमिका निभायी थी। कई ऐसे गवाह सामने आये, जिन्होंने स्वीकार किया कि दंगों के वक्त भीड़ को सज्जन कुमार संबोधित कर रहे थे, भीड़ को हिंसा करने के लिए उकसा रहे थे।



### सज्जन कुमार की दंगों में भूमिका

एक नवंबर, 1984 को तो एक भीड़ को संबोधित करते हुए सज्जन कुमार ने कहा था कि हमारी मां मार दी, सरदारों को मार दो। यह एक ऐसा वाक्य था, जो सज्जन ने हर कॉलोनी, हर नुक्कड़ पर बोला था। उनका इतना कहना ही पहले से गुस्सायी भीड़ को और ज्यादा गुस्सा दिलवाने के लिए काफी था। जब जांच हुई, तो पता यह भी चला कि सज्जन के समर्थकों ने दिल्ली की पूरी वोटर लिस्ट खंगाली थी। उस वोटर लिस्ट में सिखों को खोज कर-खोज कर मारा गया। उनके व्यापार को पूरी तरह बर्बाद किया गया।

### कानूनी लड़ाई और सज्जन की सजा यात्रा

जब मामले की सुनवाई हुई, तो सभी गवाहों ने सज्जन कुमार का नाम लिया, लेकिन उन्हें सजा मिलने में उतना ही समय लगा। 2002 में एक निचली अदालत ने उन्हें बरी तक कर दिया। उन पर कोई आरोप तय नहीं हो पाया, लेकिन फिर 2005 में सीबीआइ ने जीटी नानावटी कमीशन की एक रिपोर्ट को आधार बनाकर फिर सज्जन पर केस चलाया। उस मामले में भी पांच साल बाद यानी कि 2010 में कड़कड़डूमा अदालत में सुनवाई हुई। तब बलवान खोखर, महेंद्र यादव, महा सिंह समेत कई आरोपियों को सजा हुई, लेकिन सज्जन बच गये। 2013 में उन्हें फिर बरी कर दिया गया। इस फैसले के बाद पीड़ित पक्ष में जबरदस्त गुस्सा था। एक प्रदर्शनकारी ने मामले की सुनवाई कर रहे जज की तरफ जूता तक उछाल दिया था।

### जगदीश कौर की एंट्री से शुरू हुई मुश्किल

सज्जन कुमार की असली मुश्किल जगदीश कौर की एंट्री से शुरू हुई। असल में जगदीश कौर नाम की एक पीड़िता ने सीबीआइ के साथ मिलकर एक और केस दायर किया। तब पांच सिखों की हत्या को लेकर सज्जन के लिए सजा की मांग की गयी थी। कई सालों की सुनवाई के बाद दिल्ली हाइकोर्ट ने 17 दिसंबर 2018 को सज्जन कुमार को दोषी पाया था और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी। अब तो राउस एवेन्यू कोर्ट ने भी सज्जन को दोषी पाया है और फिर उन्हें उम्रकैद की सजा मिली है।

### किन खास घटनाओं से जुड़ा सज्जन कुमार का नाम

सज्जन कुमार का नाम 31 अक्तूबर 1984 को हुए दंगे में आता है। इस दौरान उन्होंने दिल्ली कैंट क्षेत्र में भीड़ को उकसाया था। इस भीड़ ने कई घरों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया। सज्जन कुमार के उकसावे के बाद दिल्ली कैंट के राजनगर इलाके में भीड़ ने पांच सिखों- केहर सिंह, गुरप्रीत सिंह, रघुवेंद्र सिंह, नरेंद्र पाल सिंह और कुलदीप सिंह की हत्या कर दी थी। पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स (पीयूडीआर) और पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की तथ्य खोजने वाली टीमों ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में जो दंगे हुए थे, उनमें अधिकतर सिख पीड़ितों ने कांग्रेस सांसद पर भीड़ को भड़काने का आरोप लगाया था। कई लोगों ने बाद में इस सांसद की पहचान सज्जन कुमार के तौर पर की।

### अब किस मामले में सज्जन कुमार को सजा हुई है

सज्जन कुमार को अब 1984 सिख दंगे से जुड़े एक और मामले में दोषी पाये जाने के बाद उम्रकैद की सजा दी गयी है। यह मामला एक नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार में भीड़ को भड़काने से जुड़ा है, जिसमें जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या हुई थी। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने कहा था कि सज्जन कुमार ने भीड़ को उकसा कर बड़े स्तर पर सिखों के घरों-दुकानों में लूट और आगजनी करायी। इसी दौरान एक घर में लूट और आग लगाने से पहले भीड़ ने दो सिखों को जिंदा जला दिया था। मामले की जांच कर रही तीन सदस्यीय एसआइटी ने सज्जन कुमार के खिलाफ जसवंत सिंह की पत्नी को चश्मदीद के तौर पर पेश किया। हालांकि, सज्जन कुमार की तरफ से पेश हुए वकीलों ने उनकी गवाही को नकारने की मांग की थी। उनका दावा था कि जसवंत सिंह की पत्नी घटना के सात साल बाद गवाह के तौर पर सामने आयीं। इसलिए उनकी गवाही पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि इस मामले में पहली एफआइआर घटना के सात साल बाद 1991 में दर्ज हुई थी। वह भी नौ सितंबर 1985 को दिये गये एक हलफनामे के आधार पर, जिसे शिकायतकर्ता ने जस्टिस रंगनाथ मिश्र के नेतृत्व वाले आयोग को सौंपा था। 2014 में मोदी सरकार की तरफ से गठित एसआइटी ने 1984 के सिख दंगों से जुड़े मामलों की जांच तेज की और पुराने मामलों को खंगालना शुरू किया।

---

## स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2024-25 का उद्योग सचिव ने किया उद्घाटन

# हैंडलूम सेक्टर में काम करने वालों के सहयोग के लिए राज्य सरकार तैयार : अरवा राजकमल

- मोरहाबादी मैदान में 25 फरवरी से 10 मार्च तक चलेगा एक्सपो
- निःशुल्क होगी एंट्री, सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा एक्सपो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार इस तरह का स्टेट हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है जो न केवल झारखंड के हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित कर रहा है बल्कि पूरे देश के अन्य राज्यों को भी मंच दे रहा है। वे मंगलवार को मोराहबादी मैदान में स्टेट हैंडलूम एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड एक विकसित होता हुआ राज्य है, यहां के लोग काफी कला प्रेमी हैं। यहां की संस्कृति में जो कला है, उसका स्वरूप यहां की कलाकृतियों में दिखता है।



**10 मार्च तक चलेगा स्टेट हैंडलूम एक्सपो :** 25 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक स्टेट हैंडलूम एक्सपो चलेगा। एक्सपो में बंगाल, बिहार, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में आये बुनकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा झारखंड के बुनकर केंद्र के 80 स्टॉल भी लगाये गये हैं।

**लाभुकों को लूम, वर्कशेड और ट्रेनिंग हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण :** कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान उद्योग सचिव अरवा राजकमल के हाथों बुनकर से जुड़े लाभुकों के बीच लूम वितरण, वर्क शेड स्वीकृति पत्र और ट्रेनिंग हेतु पत्र का वितरण किया गया।

स्टेट हैंडलूम एक्सपो उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, आकांक्षा रंजन, सीइओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड हिमांशु मोहन, एमडी प्रेरणा दीक्षित, सीइओ खादी बोर्ड श्रीमती सुमन पाठक, जीएम झारक्राफ्ट पंकज कुमार साव आदि मौजूद थे।

### एक्सपो क्रय-विक्रय का एक बेहतरीन मंच: कीर्ति श्री

झारक्राफ्ट की एमडी कीर्ति श्री ने कहा कि झारक्राफ्ट के द्वारा पहली बार स्टेट हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 80 से अधिक स्टॉल हैं। देश के विभिन्न कोने से हमारी बुनकर कम्युनिटीज ने अपना स्टॉल लगाया है। यह एक्सपो बॉयर और सेलर के बीच में एक समन्वय स्थापित करने के लिए और बुनकर कम्युनिटीज को एक विश्व एवं राज्य स्तर पर एक पहचान दिलाने के लिए मंच है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां वे अपने सारे प्रोडक्ट्स को गुणवत्ता के साथ खरीद और बेच सकते हैं। उन्होंने बताया कि करीब 15 दिनों तक चलने वाले इस एक्सपो में कुक्कुम धागे को बनाने की विधि और कपड़े की बुनाई का लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया जायेगा। साथ ही अगले 15 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन राज्य एवं अन्य प्रांतों के क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा किया जायेगा। झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। हैंडीक्राफ्ट से लोगों को जोड़ा गया है। इस साल दिल्ली, कोलकाता, अयोध्या और मुंबई में भी हम हैंडीक्राफ्ट के शोरूम खोल रहे हैं।

---

## ओबीसी सर्वेक्षण और सदानों का मुद्दा

# झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू से राजेंद्र प्रसाद ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

3 ओबीसी का फर्जीवाड़ा सर्वे और मूलवासी सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मंगलवार को सर्किट हाउस रांची में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू से मुलाकात की। राजेंद्र प्रसाद ने कांग्रेस प्रभारी के राजू को बताया कि राज्य में मूलवासी सदानों की आबादी 65% है, जिसमें ओबीसी की जनसंख्या 55% है। प्रसाद ने ट्रिपल टेस्ट के नाम पर ओबीसी सर्वेक्षण आंकड़ा संग्रहित करने में हो रहे फर्जीवाड़ा की जानकारी कांग्रेस प्रभारी को दी। राजेंद्र प्रसाद ने प्रभारी को जानकारी दी कि ओबीसी को झारखंड में 27% आरक्षण मिलता था उसे घटाकर 14 कर दिया गया। वहीं 112 प्रखंडों के तमाम पंचायत को आरक्षित कर दिया गया है, जिसमें ऐसे पंचायत भी हैं, जहां जनजातियों की एक भी जनसंख्या नहीं है। मूलवासी सदानों कि हो रहे घोर उपेक्षा की पूरी जानकारी दी। प्रसाद ने प्रभारी से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार ओबीसी का सर्वेक्षण इमानदारी से करें। कांग्रेस प्रभारी के राजू ने राजेंद्र प्रसाद से एक बार फिर से झारखंड की वास्तविकता पर लंबी बात करने की इच्छा जताते हुए दोबारा मिलने को कहा है। कांग्रेस प्रभारी और राजेंद्र प्रसाद के बीच वार्ता के समय झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी उपस्थित थे।



कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 26 फरवरी, 2025 , बुधवार, वर्ष 10, अंक 129, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2081, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00


## महाकुंभ: महाशिवरात्रि पूजन के साथ आज समाप्त होगा मेला

**44 दिन में 64.33 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी**

**आखिरी दिन भारी भीड़ जुटने की उम्मीद, प्रशासन ने की तैयारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**प्रयागराज।** बुधवार को महाशिवरात्रि है। इस दिन स्नान पर्व के साथ महाकुंभ का मेला भी समाप्त हो जायेगा। महाकुंभ का बुधवार को आखिरी दिन है। इससे पहले मंगलवार सुबह से मेले में जबरदस्त भीड़ रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को 97.21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने संगम स्नान किया। वहीं, अभिनेत्री रवीना टंडन ने भी बेटी राशा के साथ संगम में डुबकी लगायी। महाशिवरात्रि के स्नान पर्व को देखते हुए ट्रैफिक प्लान बदला गया है। मंगलवार शाम 4 बजे से मेला क्षेत्र में प्रशासनिक गाड़ियों को छोड़कर सभी वाहनों की एंट्री रोक दी गयी है। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जायें। महाकुंभ में निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात किये गये हैं। नहीं निकाली जायेगी शोभायात्राः महाशिवरात्रि पर हर साल शहर में 16 किमी की शोभायात्रा निकाली जाती है। इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यह यात्रा नहीं निकाली जायेगी। उधर, महाकुंभ का अंतिम स्नान को लेकर शहर के अधिकांश होटल 27 फरवरी तक के लिए बुक हैं। यही स्थिति अरैल में बनाई गई टेंट सिटी की भी है।

### महाशिवरात्रि को लेकर पूरी तरह से तैयार: डीजीपी

महाकुंभ मेले के डीजीपी वैभव कृष्ण ने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर पूरी व्यवस्थाएं की गयी हैं। प्रयास रहेगा कि महाकुंभ मेला क्षेत्र में कहीं पर भी ट्रैफिक जाम न हो। सभी व्यवस्थाएं सुगम तरीके से चलें। कितनी भी भीड़ आये हम लोग पूरी तरह से तैयार हैं।

## मैट्रिक पेपर लीक मामला: गिरिडीह से छह गिरफ्तार, कोडरमा में छापामारी

**पुलिस का दावा, मजदूर बन कर प्रश्न पत्र चुराया**

संजीव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में कोडरमा पुलिस ने मंगलवार की सुबह 4 बजे गिरिडीह के न्यू बरगंडा में छापा मारा। वहां से छह लोग गिरफ्तार किये गये हैं। कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई छापेमारी में कई मोबाइल फोन और प्रश्न पत्र भी बरामद किये गये। पेपर लीक से संबंधित साक्ष्य भी मिले हैं। वहीं गिरफ्तार किये गये लोगों में एक मास्टरमाइंड भी बताया जाता है। सभी गिरफ्तार छात्रों को लेकर पुलिस कोडरमा पहुंची, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

ज्ञात हो कि पेपर लीक मामले में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन जांच कर रही है। जांच टीम ने पेपर लीक मामले में 12 घंटे के अंदर दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव शामिल हैं। प्रशांत मरकच्चो प्रखंड के जामू में एक प्राइवेट स्कूल और कोचिंग सेंटर चलाता है। दोनों को पुलिस ने रिमांड पर लिया है और लगातार पूछताछ की जा रही है। देवघर के मधुपुर से भी प्रिंस नामक युवक को पकड़ा गया है जबकि जमुआ से एक पारा शिक्षक और कोचिंग चलाने वाले शिक्षक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### वाहन से प्रश्न पत्र उतारने के क्रम में की चोरी

कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात गिरिडीह जिला के नगर थाना क्षेत्र के न्यू बरगंडा क्षेत्र से रोहित कुमार नामक एक व्यक्ति को पकड़ा गया। उसके निशानदेही पर अन्य पांच व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये लोगों ने बताया कि इन लोगों को गिरिडीह जिला में प्रश्न पत्र वाहन से उतारने के लिए श्रमिक के रूप में कार्य पर लगाया गया था। गिरिडीह जिला में प्रश्न पत्र वाहन से उतारने के दौरान सील पैक प्रश्न पत्र को ब्लेड से काटकर उनमें से निकाला गया। इसके बाद पीडीएफ बनाकर वायरल किया गया। इनके मोबाइल में प्रश्न पत्र पाया गया। इनके पास से 10वीं विज्ञान का प्रश्न पत्र भी पाया गया है, जिसका सत्यापन किया जा रहा है। प्रश्न पत्र का पीडीएफ बनाते समय प्रश्न पत्र जिस कम्बल एवं चटाई में रखा गया था, उसका फोटो पीडीएफ में आया है उस चटाई व कंबल को भी बरामद किया गया है।

**इन्हें पुलिस ने किया गिरफ्तार :** पुलिस के मुताबिक पकड़ाये व्यक्तियों में रोहित कुमार, मुकेश कुमार, लालमोहन कुमार, अंशु कुमार पांडेय, कृष्णा कुमार पांडेय और कमलेश कुमार शामिल हैं, जिनकी उम्र, व्यवसाय, पता आदि का सत्यापन किया जा रहा है। छापामारी दल में अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रतिभान सिंह, इंस्पेक्टर विनोद कुमार, विनय कुमार, अरविंद कुमार, एएसआइ सौरभ कुमार शर्मा, नफीस अहमद, शशिभूषण कुमार, बबलू कुमार, धनेश्वर कुमार, अभिमन्यू पड़िहारी, कुंदन कांत बिमल, गोविंद कुमार साव के अलावा तकनीकी शाखा के पदाधिकारी, कर्मी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बजट सत्र : सदन में बालू पर हंगामा सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

- भाजपा विधायक सीपी सिंह और नवीन जयसवाल ने सरकार को घेरा
- मंत्री योंगेंद्र प्रसाद ने बालू मुद्दे पर दिया जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में बालू को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गया। विधायक नवीन जयसवाल ने पूछा कि कितने लाभुकों को अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बालू मिला है। एक हाइवा बालू कितने में मिल रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि आमजनों को बालू देने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। इसके अलावा प्रश्नकाल में मंईयां सम्मान योजना की राशि, घंटी आधारित शिक्षक-शिक्षिकाओं के मानदेय, अवैध खनन समेत अन्य प्रश्नों को सदस्यों ने उठाया। इसका संबंधित मंत्रियों ने जवाब दिया। दूसरी पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई, जिसमें विपक्ष ने सरकार को घेरा।



### सरकार घर तक पहुंचायेगी बालू : योगेंद्र प्रसाद

सदन में उठे बालू के मुद्दे का जवाब मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के कई लाभुकों को मुफ्त में बालू उपलब्ध कराया है। विपक्ष बताये कि किन लोगों के घर बालू की कमी की वजह से नहीं बन पा रहे हैं। सरकार खुद उनके घर पर बालू पहुंचायेगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन करने से घर तक बालू पहुंच जायेगा।

### राज्यपाल के अभिभाषण को सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने नकारा

**रांची (आजाद सिपाही)।** बजट सत्र के दूसरे दिन दूसरी पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से इस पर विचार रखा गया। इस दौरान भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोंक-झोंक हुई। सीपी सिंह ने जहां सरकार को घेरा और असत्य का पुलिंदा कहा, वहीं प्रदीप यादव ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है।

(पेज-9 भी देखें)

### सीपी सिंह और नवीन ने सरकार को घेरा

बालू मुद्दे पर भाजपा की ओर से नवीन जयसवाल और सीपी सिंह ने सरकार को घेरा। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि मैं बिहार से बालू मंगवाकर काम करवा रहा हूं। जेएसएमडीसी से भी बात की, तो पता चला कि ट्रक लेकर बालू के लिए जाना होगा। 2013 से जब-जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब-तब बालू चर्चा में रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे दो हाइवा बालू चाहिए। कब दिलायेंगे, कितना पैसा देना होगा, बतायें। सीपी सिंह ने पूछा कि कितने गरीबों को फ्री में बालू दिया गया है। विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के तहत घर बनानेवालों को बालू की किल्लत झेलनी पड़ रही है। सरकार से पूछा कि आम और गरीब जनता को बालू कैसे और कितनी कीमत पर मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने बालू घाटों की नीलामी में अनियमितता पर भी सवाल उठाये। वहीं, विधायक मनोज यादव ने कहा कि बालू चोरी से मिल रहा है। बिहार से रांची बालू आ रहा है।


## महाशिवरात्रि पर रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव





**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात को लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर में विभिन्न स्थानों से आने वाले वाहनों के लिए नये मार्ग निर्धारित किये गये हैं, ताकि शिव बारात में किसी तरह की असुविधा न हो। ट्रैफिक रूट में किये गये बदलाव के अनुसार बड़े वाहनों की नो इंट्री का समय सुबह पांच बजे से रात 10 बजे तक। इसी तरह छोटे वाहनों का भी रूट मैप तय किया गया है।

## मंईयां योजना के लाभार्थियों को एक साथ मिलेंगे 7500 रुपये : दीपिका पांडेय सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर सदन में बात आने पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी त्रुटियों के कारण राशि समय पर नहीं भेजी जा सकी, लेकिन अब समस्या दूर कर ली गयी है। जल्द ही सभी लाभार्थियों के खातों में एक साथ तीन माह की राशि (7500 रुपये) ट्रांसफर की जायेगी। होली या महिला दिवस के अवसर पर मंईयां योजना की तीनों किस्त दी जायेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार अपने वादों को पूरा करने की क्षमता रखती है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के योजना का पूरा लाभ मिले।




आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in
06

## गर्लफ्रेंड को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए किया था पेपर लीक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जैक द्वारा आयोजित परीक्षा का पेपर लीक क्या महज गर्लफ्रेंड को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का ही मामला था। अबतक जो कहानी बतायी जा रही है, उससे तो यही लगता है। पर पूरी सच्चाई तो गम्भीरता से छानबीन के बाद ही सामने आयेगी। इस मामले में गिरिडीह से गिरफ्तार आरोपी कमलेश और मुकेश ने पूछताछ में बताया कि उनलोगों ने गाड़ी से प्रश्नपत्र खाली कर स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने के क्रम में सीढ़ियों पर प्रश्नपत्र के बंडल की सील फाड़कर उससे परीक्षा में आने वाले हिंदी और विज्ञान के प्रश्नपत्रों निकाल लिये। जानकारी के मुताबिक इस मामले में पकड़े गए कमलेश ने अपनी गर्लफ्रेंड को प्रश्नपत्र देने के लिए ऐसा किया था। उसने बताया कि जब उसकी गर्लफ्रैंड ने प्रश्नपत्र पाने की इच्छा जाहिर की तो इन लोगों ने प्लान तैयार करना शुरू किया। इनलोगों ने रांची से प्रश्नपत्र लेकर आए वाहन को खाली कराने की जिम्मेदारी जिस ठेकेदार को मिली थी, उससे मुलाकात की और वाहन खाली करने की इच्छा जाहिर की। ठेकेदार भी आसानी से तैयार हो गया। इसी दौरान लोगों ने सील बंद प्रश्नपत्र के बंडल से प्रश्पत्रों के सेट की चोरी कर ली। पूरे मामले में गिरिडीह के जिस स्ट्रांग रूम से ये सारी कहानी गढ़ी गयी। वहां तैनात कर्मी और जिसको इसकी जिम्मेदारी दी गयी थी, वे भी सवालों के घेरे में हैं। क्योंकि सील बंद पैकेट फाड़कर प्रश्नपत्र निकाल लिया गया, उसके बाद परीक्षा वाले दिन जब स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्र को परीक्षा केंद्र पहुंचाने की तैयारी हुई होगी, तो वहां पर मौजूद मजिस्ट्रेट व अन्य कर्मियों ने फटे हुए प्रश्नपत्र के बंडल को जरूर देखा होगा। बावजूद इसके किसी ने भी इसकी सूचना जैक को नही दी। बहरहाल इस मामले में रोहित कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार, अंशु कुमार पांडेय, कृष्णा कुमार पांडेय व लालमोहन कुमार को गिरफ्तार किया गया है जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। सम्भावना है कि न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद पुलिस इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

## डेंटल कॉलेज में 'नेशनल ओरल पैथोलॉजी डे' पर रंगोली कार्यक्रम



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन सोमवार को ओरल पैथोलॉजी विभाग में 'नेशनल ओरल पैथोलॉजी डे' पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुंह के रोग की शीघ्र जांच और शीघ्र हस्तक्षेप से पैथोलॉजी जागरूकता के माध्यम से मौखिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाना उद्देश्य था। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने दीप प्रज्ज्वलित और केक काटकर कार्यक्रम का शुरुआत किया। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने रंगोली कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एक से बढकर रंगोली प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस क्रम में चिकित्सकों द्वारा मुंह के रोगों और उनके निवारण के लिए आवश्यक कदम उठाने की जानकारी दी गयी। रंगोली के माध्यम से मुंह के रोगों के निवारण में एक अद्भुत संदेश दिया गया। नेशनल ओरल पैथोलॉजी डे डॉ एच एम ढोलकिया के जयंती के उपलक्ष्य पर मनाया जाने पर चिकित्सकों और छात्रों ने उन्हें विशेष सम्मान दिया। मुह के बिमारियों के निवारण करने पर उनकी अमुल्य योगदान को नमन किया। रंगोली कार्यक्रम में विजेता टीम विजेता साक्षी मिश्रा, मानवी दास, अमीषा गांधी और शेफाली स्वरूप को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने मुख की जांच की उपयोगिता बताते हुए कहा कि हमारे शरीर के लिए दांत मुख का काफी अमुल्य अंग है। मौके पर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण, ओरल पैथोलॉजी विभाग के एचओडी सह उप प्राचार्य डॉ अंकूर भार्गव, डॉ अंकुर, डॉ दक्षिणायनी, डॉ दीपक, डॉ नंदी, डॉ जयेश, डॉ शोविर, डॉ निशाद, डॉ रघु, डॉ स्वाति सिंह, डॉ अर्नब, डॉ अली, डॉ देवेन्द्र, डॉ सुभोजित, डॉ रितु, डॉ ऋषिता, डॉ हेतल और डॉ नंदिता सहित कई चिकित्सक और बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## शादी की नीयत से यौन शोषण का आरोपी गया जेल



**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शादी की नियत से नाबालिक लड़की के साथ योन शोषण करने के मामला सामने आया है। इस मामले मे नाबालिक लड़की की मां के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर दारु थाना मे पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया। थाना मे दिये गये आवेदन में बताया गया कि नाबालिक लड़की के माता पिता कुंभ मेला गये थे और लड़की अपने दादा दादी के साथ थी। इसी बीच पुनाई पंचायत के ग्राम लोहडी कला निवासी राहुल यादव पिता मोहन यादव (उम्र 21 वर्ष) नबालिग 15 वर्षीय लड़की को बहला फुसला कर 22 फरवरी की रात्रि को लेकर फरार हो गया। लड़की के फरार होने की जानकारी मिलते ही घर वाले काफी परेशान हो गये और लड़की की खोजबीन करने लगे। इसी बीच 24 फरवरी को लड़की अपने घर वापस आ गयी और उसके साथ हुई योन शोषण की घटना की जानकारी दिया। लड़की की मां उसे लेकर थाने गयी जहां आरोपी युवक के खिलाफ आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग लड़की की मेडिकल जांच कराते हुए अदालत मे 164 के तहत बयान दर्ज करवाया। युवक को पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां से उसे केंद्रीय कारगार हजारीबाग भेज दिया गया।

## केरेडारी में माता शबरी की जयंती मनी



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़की हेवई में भुइयां समाज के लोगों द्वारा माता शबरी की जयंती धूम धाम से मनायी गयी। इस दौरान लोगों ने जल यात्रा का भी आयोजन किया जल यात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा। इसके उपरांत लोगों ने माता शबरी के चित्र रख कर विधिवत पूजा अर्चना कर माता शबरी और प्रभु श्री राम के भक्त प्रेम पर आधारित गुणों का बखान किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भूत पूर्व जिप सदस्य शारदा ऋषि बड़कागांव भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम हरली गांव के समाजसेवी शंकर कुमार भुइंया पतरा कलां गांव स्थित चर्च के फादर क्रिस्टोफर ने कार्यक्रम में शामिल होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया। वहीं 25 फरवरी के रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गयो साथ हीं 26 फरवरी को जुलूस निकाला जायेगा। मौके पर अध्यक्ष तीजन भुइंया सचिव किशन कुमार कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार महामंत्री प्रेम भुइयां गुलाब राम रवि रमन भुईयां समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

### बाल श्रम की रोकथाम के लिए टास्क फोर्स की बैठक

# 14 बाल श्रमिक छुड़ाये गये

**बाल श्रमिकों को विमुक्त कराने के लिए धावा दल क्रियाशील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बाल श्रम ज़िला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक अपर समाहर्ता संतोष सिंह के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में बाल श्रम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने बताया कि वर्तमान वित्तिय वर्ष में अब तक 14 बाल श्रमिक इस ज़िले से विमुक्त कराये गये हैं। सभी नियोजक पर बाल श्रम आधिनियम के अंतर्गत एफआइआर की गयी है, और सभी नियोजक से 20 हजार रुपये की दर से राशि की वसूली की गयी है। विमुक्त चौदह बच्चों में ग्यारह बच्चे जिले के बाहर और अन्य राज्य से हैं, शेष तीन हजारीबाग ज़िला से हैं। विमुक्त बच्चों के परिवार को सरकार के विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है। जिला में बाल श्रमिको को विमुक्त कराने के लिए धावा दल क्रियाशील है। धावा दल में श्रम अधीक्षक, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, ज़िला बाल सरंक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चाइल्ड हेल्प लाइन के अलावा कई एनजीओं भी शामिल हैं। बैठक में अपर समाहर्ता ने निर्देश देते हुए कहा कि समय समय पर यह जारी रखने की जरूरत है। विशेष कर कोनार पुल के आस पास विभिन्न होटल, रेस्तरां, ढाबों और पुराना समाहरणालय के आस पास छापेमारी कर बाल श्रम के विरूद्ध अभियान चलाने को कहा। चाइल्ड हेल्प लाइन के लिए जारी टोल फ्री नंबर 1098 का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता के अलावा श्रम अधीक्षक, डीसीपीओ संजय प्रसाद, अनुमंडल कार्यालय से कार्यपालक दण्डाधिकारी, सपोर्ट एनजीओ से भवानी शंकर गुप्ता, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक रवीश कुमार, सीडब्लूसी से मुन्ना कुमार और श्रम कार्यालय से रवि और सूरज उपस्थित थे।

# विधायक ने मजदूरों के शोषण के खिलाफ विस में उठायी आवाज

**कहां कंपनी मजदूरी काम और काम ज्यादा कर रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बड़कागांव, केरेडारी और पतरातू में कार्य कर रहे एनटीपीसी, जेवीएनल सहित अन्य कंपनियों के एमडीओ कंपनी के द्वारा स्थानीय मजदूरों को पिछले 10 वर्षों से निर्धारित वेतनमान से कम वेतन दिया जा रहा है और स्थानीय श्रमिकों को 8 घंटे से अधिक 12 घंटा का कार्य लिया जा रहा है। जिसके बदले श्रमिकों को न्यूनतम कार्य से भी कम पैसे दिये जा रहे हैं जो सरासर गलत है। इस संबंध में विधायक रोशनलाल चौधरी द्वारा सदन में यह मामला उठाकर कहा गया कि पिछले 10 वर्षों से इन मजदूरों के साथ जो शोषण हो रहा है उसको जल्द से जल्द खत्म करके मजदूरों को उनका हक और अधिकार मिलना चाहिए।

## किसनी देवी के निधन पर शोक

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायिक प्रतिष्ठान चौधरी ब्रदर्स की दूसरी पीढ़ी किशनी देवी चौधरी (पति स्वर्गीय चिरंजी लाल चौधरी) के निधन पर शहर के कई लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है। किशनी देवी चौधरी (92 वर्ष) का निधन अड़ी बांग्ला रोड स्थित उनके निवास स्थल पर हो गया। किशनी देवी चौधरी पुत्र राजकुमार चौधरी, राम चौधरी और सुशील चौधरी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है। इधर संवेदना प्रकट करने वालों में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदीप केडिया, गौशाला समिति के ओम खेतान के अलावा गोपी कृष्ण अग्रवाल, नवीन संघई, गिरधारी सोमानी, मनीष पेड़ीवाल, सुधीर गुटगुटिया, मनोज केडिया, संतोष लड्ढा, संजय नरेड़ी के अलावा अन्य संगठन के लोगों के नाम शामिल हैं।

## प्रीति गुप्ता बनी दुर्गा वाहिनी संयोजिका

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की कार्यसमिति बैठक रामगढ़ में हुई। इस बैठक में हजारीबाग जिला में अपने कार्य का विस्तार करते हुए जिले में नवीन दायित्वों की घोषणा की गयी। इस घोषणा के अनुसार प्रशांत सिंह को हजारीबाग विभाग साप्ताहिक मिलन प्रमुख, सिकेन्द्र कुमार को हजारीबाग बजरंग दल जिला संयोजक, गोविंद यादव को जिला सह संयोजक और बहनों के क्षेत्र में कार्य बढ़ाने के लिए प्रीति गुप्ता को हजारीबाग जिला दुर्गा वाहिनी संयोजिका बनाया गया। इस अवसर पर रामभक्तों का मनोबल बढ़ाते हुए केंद्रीय पदाधिकारी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद आज पूरे देश में सिंह गर्जना के साथ बड़े से बड़े आयोजन और समाज सुरक्षा के साथ धर्म रक्षा का कार्य कर रहा है। आज इसी कारण से पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद सनातन एकता का केंद्र विन्दु बन गया है जिससे पूरा विश्व एक नई आशा के साथ इसकी ओर देख रहा है। ऐसी स्थिति में सभी कार्यकर्ता देश और धर्म को सर्वोच्च शिखर तक ले जाने के लिए सेवा भाव से समाज के लिए कार्य करें। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मेहता समेत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इन्हें बधाई दी है।

# शहीद कैप्टन करमजीत सिंह की याद में निकाला गया कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद कैप्टन करमजीत सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए मंगलवार को गांधी मैदान से शुरू करते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए भव्य कैंडल मार्च आयोजित किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन ने किया, जिसमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह भी शामिल हुए। हजारों नागरिकों ने इस श्रद्धांजलि मार्च में भाग लिया। कैंडल मार्च गांधी मैदान से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। प्रतिभागियों ने हाथों में मोमबत्तियां जलाकर देशभक्ति का संदेश दिया और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे शहर में शहीद कैप्टन करमजीत अमर रहें और भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। कैंडल मार्च के दौरान कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद कैप्टन करमजीत सिंह हमारे देश की आन-बान-शान थे। इस आयोजन के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान मुन्ना ने कहा कि वह शहीद परिवारों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि शहीदों के परिवारों को विशेष योजनाओं का लाभ दिया जाये और युवा पीढ़ी को देशभक्ति से जोड़ने के लिए अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जायें। राष्ट्र अपने वीर सपूतों को कभी नहीं भूलता, शहीद कभी मरते नहीं, वे सदा अमर रहते हैं। उन्होंने आगे कहा शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा।

# 500 मी ऊंचे बुढ़वा महादेव पहाड़ पर महाशिवरात्रि का लगेगा मेला, तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** शिवरात्रि मेला बड़कागांव के 500 मी ऊंची बुढ़वा महादेव पर्वत शिखर में आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनायी जाने वाली शिवरात्रि का काफी महत्व है। मान्यता है कि इस दिन शंकर जी और देवी पार्वती की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं और सभी दुखों का निवारण करते हैं। शिवरात्रि के मौके पर महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाने के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। बड़कागांव प्रखंड में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर विभिन्न गांवों के शिव मंदिरो में तैयारी पूरी हो गयी है। शिवरात्रि मेला और पूजा में शांति स्थापित करने को लेकर थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में पुलिस बल गस्ती लगाते हुए नजर आये। बुढ़वा महादेव विकास शांति समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में मेला लगाने के लिए कई तरह सुविधाओं का प्रबंध किया गया है। बुढ़वा महादेव पहाड़, द्वारपाल गुफा और रानी तालाब के पास विभिन्न तरह के दुकान और स्टॉल लगाया गया है। शांति पूर्वक मेला को लगाने के लिए हुलास प्रसाद दांगी, विकास कुमार गोंदलपूरा, ऋषिकेश शर्मा पड़रिया, केदार प्रसाद दांगी सिमरातरी, अरविंद कुमार, रामसुंदर महतो, संयोजक झमन प्रसाद, (अध्यक्ष गुरुचट्टी कुशवाहा समाज), नरसिंह प्रसाद, मुकुटधारी महतो और रंजीत कुमार, उपेंद्र कुमार प्रसाद, भीखन महतो, जयशंकर मेहता, जय हिंद महतो, बालेश्वर महतो, विगल किशोर महतो, द्वारका महतो आदि भूमिका निभा रहे हैं।

## महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में विशेष पूजा, घोड़सीमर धाम में मेला

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं। इस साल 26 फरवरी को यह पर्व मनाया जायेगा। सतगावां प्रखंड के घोड़सीमर, मैसरवा, बाली महादेव, पेट्रोजल प्रपात, दुखिया महादेव, कटहरा मंदिर, खुट्टा शिव मंदिर, शिवपुर शिव मंदिर प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर और थाना परिसर शिव मंदिर सहित कई स्थानों पर विशेष पूजा होगी। हर साल की तरह इस बार भी नासरगंज स्थित सतगावां थाना से शिव बारात निकलेगी। यह बारात माता पार्वती मंदिर तक जायेगी। दूसरी ओर शिवपुर से निकलने वाली शिव बारात बाली महादेव मंदिर तक पहुंचेगी और बासोडीह वेद मंदिर से बारात निकलकर महेश्वनाथ धाम तक जायेगी। सतगावां प्रखंड के दुम्मदुमा गांव में सकरी नदी किनारे स्थित घोड़सीमर धाम का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। झारखंड सरकार ने इसे राज्य स्तरीय पर्यटन स्थल का दर्जा दिया है। शिवरात्रि पर यहां तीन दिवसीय मेला लगता है। सावन पूर्णिमा सहित अन्य पर्वों पर भी भव्य आयोजन होते हैं। मेले में सतगावां, गावां और पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिले के दर्जनों गांवों से लोग आते हैं। यहां मनोरंजन के लिए आसमानी झूला सहित कई झूले लगाये जाते हैं।

## छात्र नेता ने इंजीनियरिंग कॉलेज की समस्याओं को लेकर निदेशक से की मुलाकात



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** एनएसयूआइ छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र कॉलेज निदेशक से मिले। कॉलेज में चल रही विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। छात्रों ने बताया कि कॉलेज में शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जिसे जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए। साथ ही, प्लेसमेंट सेल को और मजबूत बनाने, उद्योगों के साथ साझेदारी बढ़ाने और छात्रों के लिए स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप आयोजित करने की मांग रखी गयी, ताकि विद्यार्थियों को अच्छी नौकरी के अवसर मिल सकें। इसके अलावा, छात्रों ने परीक्षा और रिजल्ट में होने वाली देरी पर भी नाराजगी जतायी। उन्होंने मांग की कि एक तय शेड्यूल के तहत परीक्षाएं कराई जाये और समय पर रिजल्ट जारी किया जाये, ताकि छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो। कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर भी छात्रों ने अपनी आवाज उठायी। उन्होंने कहा कि हॉस्टल की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई छात्रों को परेशानी हो रही है। वॉशरूम और पानी की व्यवस्था भी खराब है, जिससे छात्रों को असुविधा होती है। लड़कियों के कॉमन रूम की स्थिति में सुधार लाने और वहां पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराने की भी मांग की गयी। इसके साथ ही, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की जरूरत बतायी गयी। एनएसयूआइ ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि एक महीने के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो छात्रों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के कई छात्र मौजूद थे और सभी ने एकजुट होकर अपनी समस्याओं को सामने रखा।

## इसी सत्र में मरकच्चो, सतगावां और डोमचांच महाविद्यालय में पढ़ाई शुरू होगी: डॉ नीरा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले के लिए अच्छी खबर है। जिले के तीन जगहों मरकच्चो, सतगावां और डोमचांच महाविद्यालय में इसी सत्र से पठन पाठन का कार्य शुरू हो जायेगा। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के सवाल पर मंगलवार को विधानसभा में यह आश्वासन राज्य सरकार की ओर से मिला है। विधायक डॉ नीरा यादव ने बताया कि शिक्षा मंत्री रहते कोडरमा के तीन जगहों मरकच्चो, सतगावां और डोमचांच में शैक्षणिक विकास के लिए पहल हुई थी, योजना स्वीकृति के बाद शिलान्यास हुआ और भवन भी बनकर तैयार है। उन्होंने बताया कि मॉडल महाविद्यालय मरकच्चो, डिग्री महाविद्यालय सतगावां और महिला महाविद्यालय डोमचांच में प्राचार्य की नियुक्ति, शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों का पदस्थापन करते हुए वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 से महाविद्यालयों के नवनिर्मित भवन में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। विधानसभा में तारांकित प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी गयी है। उम्मीद है, सरकार अपने जवाब पर खरा उतरेगी और मेरे प्रयास और सपने सच होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि मरकच्चो के देवीपुर में बालिकाओं के लिए अलग से +2 उच्च विद्यालय की स्थापना की मांग रखी गयी है। अभी +2 उच्च विद्यालय देवीपुर में 2 हजार से अधिक छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में छात्राओं को पढ़ाई में काफी कठिनाई होती है। वहीं जैक की परीक्षा के पेपर लीक मामले की उन्होंने सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत कोडरमा मधुपुर रेल खंड स्थित नवलशाही थाना क्षेत्र के नवादा मे ट्रेन की चपेट आने से एक व्यक्ति की मंगलवार सुबह मौत हो गयी। मृतक की पहचान जगदीश साव (उम्र 70 वर्ष, ग्राम नवादा, पुरनाडीह) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक मंगलवार सुबह शराब के नशे मे धुत था। जिसे लेकर घर मे कुछ विवाद हुआ था जिसके रेलवे पटरी की ओर जगदीश साव चला गया जहां ट्रेन के चपेट मे आ गया और घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि मृतक के बड़े पुत्र का भी तीन वर्ष पहले सड़क दुर्घटना मे मौत हुआ था।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड के सारुकुंदर पंचायत सचिवालय में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर का आयोजन मुखिया उत्तम कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया। जिसमे लोकनायक जयप्रकाश नेत्र अस्पताल बहेरा आश्रम चौपारण के चिकित्सक टीम द्वारा जांच किया गया। इस अवसर पर सहायक चिकित्सक सुलेखा कुमारी,पंकज कुमार के द्वारा 36 रोगियों का नि:शुल्क जांच किया गया। जिसमें 07 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बहेरा आश्रम चौपारण ले जाया गया। वही कुछ लोगों को जांच के उपरांत चश्मा भी दिये गये। मौके पर जगदीश महतो, जीवाधन मिस्त्री, तेजो महतो, टेकोचंद महतो, रिंकी देवी, रामेश्वर महतो, हुलास महतो, सकीना खातून, योगेंद्र पटेल,सोमर साव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## युवक की मौत के बाद सड़क जाम



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी - टंडवा मुख्य सड़क पर बुकरु मोड़ के समीप सोमवार के देर शाम एक अनियंत्रित कोल वाहन हाइवा ने बाइक सवार 35 वर्षीय युवक अश्विनी मिश्रा को चपेट में ले लिया जिससे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी थी। उक्त घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। इस घटना की सुचना मिलने पर मंगलवार को केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को समझाया लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई समझोउता नहीं हो पाया है और करीब 24 घंटे से सड़क जाम है व दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। मृतक के परिजन व स्थानीय ग्रामीण दस लाख मुवबजा राशि और मृतक की पत्नी को रोजगार की मांग को लेकर अड़े हुए हैं विदित हो की मृतक दो भाई था और इसकी पत्नी व एक करीब दी वर्ष की बेटी है। विदित हो की कोल वाहन हाइवाने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी।

## 31 लाभुकों को दिया गया दाखिल खारिज का शुद्धि पत्र



**मांडू (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय मांडू में मंगलवार को 31 लाभुकों के जमीन का दाखिल खारिज विशेष शिविर लगाकर किया गया। साथ ही परिशोधन के तहत 19 लाभुकों के भूमि का सुधार किया गया। मौके पर जिला अपर समाहर्ता गीताजंली कुमारी ने सभी लाभुकों के बीच शुद्धि पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, अंचल अधिकारी बिमल कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रितिक कुमार, अंचल निरीक्षक राम रतन पांडेय, मनोज कुमार, कन्हैया कुमार, चंद्रशेखर, उमेश कुमार, सुरज कुमार, शुभम कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आये आमजनों की समस्याएं सुनी गयी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मंईयां सम्मान योजना, सामाजिक सुरक्षा विभाग से संबंधित मामले, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजन, अबुआ आवास से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## लामटा में सेविका और सहायिका के चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन



**लावालौंग /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के लामटा पंचायत अंतर्गत गांव तीलरा और जिरांन सेविका और सहायिका के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें तिलरा सहायिका के लिए छह आवेदन आये थे। जिसमें नियमानुसार चयनित करते हुए तिलरा आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सहायिका पद पर बेबी देवी पति अशोक महतो को चयनित किया गया। वहीं दूसरा गांव जीरांन में सहायिका पद के लिए तीन (3) आवेदन प्राप्त हुए थे इसे भी नियम का पालन करते हुए योग्यता के अनुसार ललिता कुमारी पति राजकुमार का चयन किया गया। इस दौरान सीडीपीओ ने बताया कि सेविका और सहायिका के चयन पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच बिना भेदभाव के निष्पक्ष और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। और इसका परिणाम भी तत्काल घोषित कर दिया गया। इस बैठक में मौके पर सीडीपीओ रीना साहू मुखिया अमित कुमार चौबे, नेपाल गंझु, धनेश्वर गंझु, जगदीश भुइयां और दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर जांच शिविर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ के नेतृत्व में दोहाकातू स्थित उत्कमित उच्च विद्यालय में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। इस दौरान शिविर में 155 बच्चे की जांच डॉ पल्लवी कौशल, जिला कंसलटेंट और सीएचओ एनिमा किस्पोट्टा के द्वारा की गयी। वहीं, 25 बच्चों में जांच उपरांत लक्षण पाये जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार के द्वारा जांच उपरांत 10 बच्चों में इस बिमारी कि पुष्टि हुई। शिविर में जांच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों और स्कुल के स्टाफ को दी गयी। डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं। साथ ही सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें संतरा, निबू, आवला और दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में फ्लोराइड इक्टठा नही होता हैं। यह भी बताया कि सदर अस्पताल में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी और पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच करवा सकता हैं। इस शिविर को सफल बनाने में सीएचओ, ड्रेसर, सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ सत्र 2025-26 की बैठक मंगलवार को शहर के शिवाजी रोड स्थित किला मंदिर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता रामनवमी संस्थापक पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कमेटी को भंग कर नई कमेटी की घोषणा की गयी। बैठक में सभी अखाड़ा रामनवमी कमेटी के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे और दो लोगों ने महासमिति की अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की। जिसमें, धर्मेंद्र साहू भोपाली और विनोद मिश्रा थे। इसके बाद आपसी सहमति और एकता को दिखाते हुए विनोद मिश्रा ने अपना नाम वापस लिया और सर्वसम्मति धर्मेंद्र साव भोपाली को महासमिति अध्यक्ष बनाये गये। मौक पर उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी इस खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस बार रामनवमी पर धूमधाम से मनाई जायेगी। सभी रामनवमी कमेटी अखाड़े को मजबूत किया जायेगा। इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष छोटू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष दीपक मिश्रा, संरक्षक अनमोल सिंह, संतोष नायक, विशाल जायसवाल, अनामिका श्रीवास्तव, विशाल विश्वकर्मा, लालू शर्मा, पंकज कुमार दांगी, कीर्ति गौरव, अमित ठाकुर, मणि शंकर ठाकुर, आयुष कुमार, संतोष सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सोनू, आलोक शर्मा, दिलीप कुमार, धीरज साहू, आशीष सोनी, सुजीत सोनकर, अभय यादव गप्पू, विवेक गोस्वामी, सोनू पंडित, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

# चितरपुर में चक्का जाम, ठप रहा आवागमन

### ■ समर्थकों संग सांसद चंद्रप्रकाश उतरे सड़क पर
### ■ डीसी-एसपी के नेतृत्व में मुस्तैद रहा पुलिस-प्रशासन
### ■ पुलिस ने 72 घंटे में मामला सुलझाने का दिया भरोसा







आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र में अंतर धार्मिक प्रेम संबंध के मुद्दे को लेकर मंगलवार को चितरपुर में चक्का जाम किया गया। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में लोगों ने सड़क जाम कर दी। इस कारण सुबह से ही रामगढ़-बोकारो एनएच 23 पर दोनों तरफ कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गयी। पुलिस प्रशासन की तरफ से डीसी और एसपी के नेतृत्व में इलाके में फ्लैग मार्च कर स्थिति को नियंत्रण में रखा गया। पुलिस ने 72 घंटे के भीतर युवती को वापस लाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद चक्का जाम वापस लिया गया।

### क्या है पूरा मामला

गत नौ फरवरी को चितरपुर सोनार मुहल्ला निवासी आशा वर्मा लापता हो गयी। उसके साथ उसी मोहल्ले का मो गालिब भी लापता हो गया। आशा के भाई ने अपनी बहन को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप मो गालिब पर लगाया। इसके बाद यह मामला गरम हो गया और धीरे-धीरे इसने सांप्रदायिक रूप ले लिया।

**पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद:** चक्का जाम की सूचना पाकर डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार और जिले के तमाम अधिकारी सुबह ही चितरपुर पहुंचे। उनके नेतृत्व में करीब पांच किलोमीटर तक फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों से दुकान खोलने को कहा। चितरपुर बाजार से लेकर उन गलियों में भी फ्लैग मार्च किया गया, जहां युवक और युवती का घर है।

**आशा ने परिजनों को भेजा वीडियो मैसेज:** इस बीच आशा वर्मा ने अपने परिजनों को वीडियो मैसेज भेजा है। यह वीडियो आशा की बहन के सामने ही रिकॉर्ड हुआ है। लड़की ने लव जिहाद की बातों को नकार दिया है। उसने कहा है कि उसने स्वेच्छा से शादी की है।

**पुलिस तत्पर होती, तो सड़क पर नहीं उतरती जनता: सांसद :** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि पुलिस अगर पहले ही तत्पर होती, तो जनता को सड़क पर उतरना नहीं पड़ता। लगभग 15 दिनों पहले यह वारदात हुई थी। पुलिस से लड़की को वापस लाने की मांग की गयी थी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### आपदा में अवसर ढूंढ़ रहे सांसद: कांग्रेस



इस मामले में कांग्रेस ने सांसद पर निशाना साधा है। पार्टी के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने प्रेम संबंध में दोनों एक साथ केरल चले गये हैं। इस मामले में भाजपा और आजसू के लोग लगातार बेबुनियादी बातें कर रहे हैं। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को उस परिवार के प्रति सहानुभूति नहीं है। वह राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी यदि गंभीर होते, तो राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रधान सचिव, डीजीपी और यहां तक कि केरल के प्रधान सचिव तथा डीजीपी से बात कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और सीधे आंदोलन पर उतर गये।

### किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं: डीसी

डीसी चंदन कुमार ने कहा कि किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। इस मामले में युवक और युवती बालिग हैं और युवती ने अपनी मर्जी से मो गालिब के साथ शादी करने की बात कही है। कानून बालिगों को पूरा संरक्षण देता है। इधर शांति व्यवस्था भंग करने की साजिश रची जा रही है। कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं और लोगों को भड़का रहे हैं। इसे बरदाश्त नहीं किया जायेगा।

### केरल के कायमकुलम थाने में वकील के साथ युवती ने दिया बयान : एसपी

एसपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस काफी संवेदनशीलता के साथ अपना काम कर रही है। नौ फरवरी को आशा वर्मा के लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम केरल भेजी गयी। आशा वर्मा के परिजन भी टीम के साथ गये थे। एलेप्पी जिले के कायमकुलम थाने में आशा वर्मा ने वकील के समक्ष अपना बयान दिया। यहां तक कि लिखित बयान और वीडियो बयान भी उसने जारी किया है। इसमें उसने कहा है कि मो गालिब के साथ उसने अपनी मर्जी से शादी की है। 22 फरवरी को आशा के भाई रौनक ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस मामले में भी टीम दोबारा केरल भेजी गयी है।

## रजरप्पा मंदिर प्रांगण में विराजमान है 21 फीट का विशालकाय शिवलिंग, होगी पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल रजरप्पा मंदिर प्रांगण में है 21 फीट का विशाल शिवलिंग विराजमान है प्रत्येक वर्ष शिव रात्रि पूजा के पावन अवसर पर महाशिवरात्रि में देश प्रदेश से हजारों श्रद्धालु पूजा अर्चना करेंगे, भोलेनाथ से अपनी कामना हेतू वेलपत्र, धथुरा भांग गांजा सहित कई तरह के पूजन सामग्री का चढ़ावा करेंगे शिव लिंग का दुग्धभिषेक और रुद्राभिषेक किया जायेगा, विधि विधान से शिवभक्तों द्वारा पूजा अर्चना किया जायेगा, महाशिवरात्रि सबसे खास पर्व में से एक माना जाता है। इस बार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 27 फरवरी 2025 को सुबह 08 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। रजरप्पा मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में महाशिवरात्रि की तैयारी में लोग जुटे है। रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित शिवालय मन्दिर, सोढ, लोधमां बारलोंग, चितरपुर, बड़कीपोना, छोटकीपोना, मरगमर्चा, कुंदरूकलां, गांवों के शिव मंदिरों का रंग रोगन व सजाने-संवारने का कार्य पूर्ण हो गया है। विभिन्न शिवालयों को सजाया गया है, बिजली की रंग विरंगी रोशनी से चकाचौध किया गया है महाशिवरात्रि को लेकर कही कही झांकी निकाली जायेगी तो कही शिवपार्वती की बारात निकलने की तैयारी किया जा रहा है। वहीं रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में 20 फीट का शिवलिंग अपने आप में अद्भुत है। स्थानीय पुजारी छोटू पंडा के अनुसार, इतना बड़ा शिवलिंग पूरे देश में नहीं है। बगोदर के हरिहर धाम में शिवलिंग के आकार का मंदिर बना हुआ है। परंतु सबसे बढ़ा शिवलिंग रजरप्पा में है। शिवलिंग का पंचोपचार पूजन और रात्रि जागरण विशेष फलदायी होता है। इस दिन भगवान शिव की आराधना कई गुना अधिक फल देती है। महाशिवरात्रि का महत्वः मान्यता है मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी और महाशिवरात्रि के दिन मां पार्वती की तपस्या सफल हुई थी और उनका विवाह भगवान शिव के साथ संपन्न हुआ था। इस दिन सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महाशिवरात्रि का व्रत रखती है।

### पंचायत सचिव और मुखिया पति के बीच मारपीट का विरोध

## कर्मचारियों ने लगाया काला बिल्ला

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के गेंजना पंचायत अंतर्गत भोक्ताडीह में मुखिया और पंचायत सचिव के बीच हुए मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने हंटरगंज थाना में आवेदन दी गयी जिसके आधार पर पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाया है. बता दें कि घटना रविवार की है और इस मामले में प्रखंड के गेंजना पंचायत सचिव दीपक टोपनो ने मुखिया पति सहित 6 नामजद लोगों के द्वारा मारपीट ,दुर्व्यवहार करने और जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है. दीपक टोपनो का कहना है कि रविवार को सरकारी अवकाश रहने के बाद भी उपविकास आयुक्त, और प्रखंड कार्यालय के दिशा निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना +आवास जियो टैग को लेकर गेंजना पंचायत के भोक्ताडीह गांव पहुंचे थे जहां मुखिया पति प्रभु भारती और उसके समर्थकों के द्वारा सरकारी कार्य में बाधा करते हुए बोला गया कि तुम किसके आदेश पर मेरे पंचायत पहुंचे हो मैं जबाव दे ही रहा था उनके समर्थकों के द्वारा मेरे पंचायत सहायक को गाली गलौज करने लगे और मेरे साथ भी मारपीट व जाती सूचक शब्द का प्रयोग करने लगें जिससे मैं और मेरा सहायक को चोट पहुंची है।

## पतरातू स्वास्थ्य केंद्र में हुई कुख्यात गैंगस्टर विकास तिवारी की मेडिकल जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** कुख्यात गैंगस्टर विकास तिवारी को कड़ी सुरक्षा के बीच पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस ने मंगलवार को पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल जांच के लिए लाया गया। जहां मेडिकल जांच होने के बाद जेल ले जाने की प्रक्रिया कर रही है। मालूम हो कि भुरकुंडा पुलिस गैंगस्टर विकास तिवारी को दो दिनों के रिमांड में लिया है। रिमांड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने उसे पुनः हजारीबाग जेल भेज दिया। 2 जून 2015 को हजारीबाग कोर्ट परिसर में गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव और उसके दो गुर्गे की हत्या के मामले में विकास तिवारी उम्र कैद की सजा काट रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गैंगस्टर विकास तिवारी के मेडिकल जांच करने वाले चिकित्सक ने बताया कि विकास तिवारी पूरी तरह से फिट है उनका बीपी शुगर ठीक है उन्हें किसी तरह का बीमारी नहीं है।

### विकास तिवारी से भुरकुंडा ओपी में पुलिस अधिकारियों ने की पूछताछ

भुरकुंडा। न्यायालय द्वारा दो दिनों के रिमांड पर लिये गये गैंगस्टर विकास तिवारी से पुलिस अधिकारियों ने भुरकुंडा ओपी में घंटों पूछताछ की। रिमांड के दूसरे दिन रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक चंदन वत्स और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार भुरकुंडा ओपी पहुंचे। जहां उन्होंने हालिया दिनों में हुई विभिन्न आपराधिक घटनाओं के संबंध में पूछताछ की। इस संबंध में एसपी अजय कुमार ने बताया कि हाल के दिनों कई आपराधिक घटनाएं हुई हैं। रंगदारी मांगे के मामले भी सामने आये हैं। इसे लेकर माननीय न्यायालय से दो दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गयी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जिले में संगठित आपराध रोकने की दिशा में पुलिस प्रयास कर रही है। युवाओं से भी अपील है कि वे किसी भी लालच में पड़कर अपना भविष्य खतरे में न डालें।

## जेएमएम की पंचायत स्तरीय बैठक

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का गाड़ीलौंग पंचायत स्तरीय और महिला मोर्चा का पुनर्गठन हेतु बुधवार को बैठक आहूत किया गया है। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधान सभा प्रत्यासी मनोज चंद्रा सहित प्रखंड के वरीय कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं इस बैठक में जेएमएम के समर्थकों को 10 बजे सतबहनी वट वृक्ष के सामने समय का निर्धारित किया गया है। अधिक से अधिक संख्या में जेएमएम पार्टी में मजबूती हेतु भाग लेने के लिए अपील किया गया है। इसकी जानकारी कृष्णा साहू ने दी।

## होली के बाद उज्ज्वला फाउंडेशन शुरू करेगा सिलाई प्रशिक्षण सत्र: जागेश्वर प्रजापति




**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है। जिसे पूरा करने की दिशा में जल्द ही सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ किया जायेगा। आयोजित प्रशिक्षण सत्र होली पर्व के बाद भव्य कार्यक्रम के साथ विधिवत उद्घघाटन किया जायेगा। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने मंगलवार को बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में आयोजित बैठक के दौरान सदस्यों से कही। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन हेतु आ चुके सिलाई मशीन और कंप्यूटर चलाने के लिए सदस्यों का चिन्हित किया गया। इधर, जमा राशि को बढ़त के साथ खाद्य सामग्री का वितरण जल्द ही करने की बात कही। बैठक का संचालन आशा कुमारी ने की। मौके पर जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, मनसरी देवी, शांति देवी, फूलकुमारी देवी, रीना देवी, पूनम देवी, बसंती कुमारी, भवानी देवी, सुमित्रा देवी, गुड़िया देवी, सुनीता देवी, खुशबू देवी आदि शामिल रहे।

## मथुरा महतो का गोला में भव्य स्वागत



**गोला (आजाद सिपाही)।** राज्य के पूर्व मंत्री सह मुख्य सचेतक विधायक मथुरा प्रसाद महतो का डी भी सी चौक में स्वागत किया गया। इसका नेतृत्व आंदोलनकारी महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती ने किया। सभी ने पूर्व मंत्री को एक मांग पत्र भी दिया। विधायक द्वारा सभी आंदोलनकारी साथियों की मांगों को लेकर अगले सप्ताह रांची आवास प्रतिनिधि मंडल को बुलाया। उन्होंने कहा कि आपकी मांगों को विधानसभा पटल पर सरकार के समक्ष पेश किया जायेगा। मौके पर भागीरथ महतो, सचिव भोलाराम मांझी, हरि बोल महतो, आदित्य महतो, अमुल्यकुमार उपाध्याय, दिनानाथ सिंह मुंडा, देवकी प्रसाद, पर्वत राम रविदास, कुंज लाल राम रविदास, राजाराम महतो, नरेश महतो, सावित्री देवी, साबो देवी, सीता देवी, नूनी बाला देवी, पूनम देवी मोतीलाल महतो, धीरेंद्र महतो, प्रयाग महतो, केदार महतो मटन महतो पंचम महतो, कंचन सोनी, जलील अंसारी, सरजू महथा, सीदाम माहथा, किशोरी माहथा, कामेश्वर महतो, भीम मांझी, बबलू मांझी, लालू मांझी, मंजू देवी, प्रेमसागर प्रसाद, बसंती देवी आदि मौजूद थे।

## गोला में लक्की ड्रॉ की तिथि बढ़ायी गयी

**गोला (आजाद सिपाही)।** खरेया टांड नवाबारी में मंगलवार को कुशवाहा भवन निर्माण समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुबोध कुमार दांगी ने किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कुशवाहा भवन निर्माण के लिए आयोजित लक्की ड्रॉ की तिथि बढ़ाते हुए 26मार्च किया गया। बताया गया कि यह लकी ड्रा 26फरवरी को होना था। लेकिन महाकुंभ और मैट्रिक की परीक्षा के कारण स्थिति को फेर बदल किया गया है।

## श्री श्री नीलकंठेश्वर धाम मंदिर की 17वीं वर्षगांठ पर अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कांकेबार स्थित श्री श्री नीलकंठेश्वर धाम मंदिर की 17वीं वर्षगाठ पर 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रभु की अराधना से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और जीवन में खुशहाली आती है।

# अपराध का जाल

म्यांमार के साइबर क्राइम अड्डों से 70 भारतीयों को जिस तरह छुड़ाया गया, उससे पता चलता है कि यह समस्या कितनी गंभीर है। साइबर अपराधियों का जाल बहुत फैला हुआ है और खत्म करने के लिए साझे प्रयास की जरूरत है।

**बाहरी सपोर्ट :** साइबर अपराधी अब पहले से ज्यादा संगठित और ज्यादा ताकतवर बन चुके हैं। म्यांमार में ही जो भारतीय फंसे हुए थे, उन्हें नौकरी का झांसा देकर बुलाया गया था। काम और जगह कोई और बतायी गयी, फिर धोखा देकर साइबर क्राइम में धकेल दिया गया। छुड़ाये गये भारतीयों में गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, यूपी समेत कई राज्यों के लोग हैं। इतना बड़ा अपराध संगठित नेटवर्क के बगैर नहीं चल सकता। जब तक इस नेटवर्क को खत्म नहीं किया जाता, आम लोग इसके चंगुल में फंसते रहेंगे।

**दबाव बनाया जाये :** म्यांमार का म्यावाडी वैसे भी साइबर अपराध के लिए बदनाम है। यहां करीब 2000 भारतीय फंसे हुए हैं। इनमें से ज्यादातर से जबरदस्ती ऑनलाइन ठगी करायी जा रही है। अभी जो रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ, उसे म्यांमार की बॉर्डर गार्ड फोर्स ने अंजाम दिया है। भारत और दूसरे देशों को इस मामले में म्यांमार का सहयोग लेना चाहिए और जरूरत पड़े तो मदद करनी चाहिए, ताकि इस अड्डे को पूरी तरह खत्म किया जा सके। यहां दूसरे मुल्कों के लोग फंसते ही नहीं हैं, बल्कि यहीं से उन मुल्कों के लोगों को फंसाया भी जाता है।

**आज साइबर अपराधियों की जद से कुछ भी बाहर नहीं है। अनुमान है कि इस साल तक साइबर क्राइम की वजह से होनेवाला नुकसान 10 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकता है। 10 साल पहले यह आंकड़ा 3 ट्रिलियन डॉलर के आसपास था।**

**अर्थव्यवस्था पर चोट :** आज साइबर अपराधियों की जद से कुछ भी बाहर नहीं है। अनुमान है कि इस साल तक साइबर क्राइम की वजह से होने वाला नुकसान 10 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकता है। 10 साल पहले यह आंकड़ा 3 ट्रिलियन डॉलर के आसपास था। यानी, साइबर अपराधियों ने दुनियाभर की सरकारों की नाक के नीचे इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था खड़ी कर ली है, जिसकी यदि देशों से तुलना की जाये तो तीसरे नंबर पर आयेगी। यही पैसा फिर आतंकवाद और अराजकता फैलाने में इस्तेमाल होता है।

**जागरूकता की जरूरत :** जून 2022 के बाद से म्यांमार, कंबोडिया, लाओस और थाईलैंड से 600 से अधिक भारतीयों को रेस्क्यू किया जा चुका है। इसका एक मतलब यह भी है कि साइबर क्रिमिनल्स पर फुटकर हमलों का असर नहीं हो रहा। वे पहले की तरह ही आम लोगों को जरिया बनाकर आम लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। इसे खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए वोट डाले गए। इस दौरान बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिले के अनेक मतदान केंद्रों पर पहली बार अनेक दशकों के बाद ग्राम पंचायतों में मतदान हुए। इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नयी सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है।**

# बुलेट पर बैलेट की जीत से ही निकलेगा नक्सली आतंक का हल

योगेंद्र योगी

नक्सलियों के आतंक के गढ़ रहे नक्सली प्रभावित इलाकों में चुनावों के जरिए लोकतंत्र के सूरज का उदय हो रहा है। इससे लोकतंत्र के प्रति भरोसा बढ़ने के साथ ही इसकी जड़ें मजबूत हो रही हैं। भटके हुए युवाओं और डरे हुए ग्रामीणों को समझ में आने लगा है कि सिर्फ लोकतांत्रिक तरीके से ही उनकी समस्याओं का हल निकाला जा सकता है।

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए वोट डाले गए। इस दौरान बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिले के अनेक मतदान केंद्रों पर पहली बार अनेक दशकों के बाद ग्राम पंचायतों में मतदान हुए। इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नयी सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है।

यह एक ऐतिहासिक बदलाव है और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत को दशार्ता है। राज्य में मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी, दंतेवाड़ा और गरियाबंद जिलों में और बीजापुर के पुसनार, गंगालूर, चेरपाल, रैड्डी, पालनार जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों ने निर्भीक होकर मतदान किया। गौरतलब है कि बस्तर में नक्सली कमांडर हिडमा के गांव पूवर्ती में भी इस बार ग्रामीण मतदान के लिए उत्साहित हैं।

**केंद्र और राज्य का लक्ष्य है कि 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त कराना है।**

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव हो रहे हैं। पंचायत चुनावों में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब नक्सलियों ने इसका विरोध नहीं किया है। राज्य में कमजोर हो रहे नक्सलवाद का यह सबसे बड़ा उदाहरण है।



**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नयी सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे की प्रक्रिया अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है।**

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से हर बार पंचायत चुनावों में नक्सलियों की तरफ से पोस्टर जारी किए जाते थे, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है, जब नक्सलियों ने विरोध नहीं किया। इसके साथ ही स्थानीय लोग भी वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर निकले। इससे पहले नक्सली बस्तर इलाके में वोटिंग करने पर ग्रामीणों को धमकी देते थे।

नक्सलियों ने कई बार पोस्टर जारी कर कहा था कि वोटिंग करने वालों की उंगलियों को काट लिया जायेगा, जिस कारण से ग्रामीण वोटिंग करने के लिए नहीं निकलते थे। इस बार पंचायत चुनाव में ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ वोटिंग की है। हार्डकोर नक्सली इलाकों में वोटिंग के लिए लंबी-लंबी कतारें लगीं। हिडमा के गांव में पहली बार वोटिंग छत्तीसगढ़ में 3 चरणों में पंचायत चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। यहां सुरक्षाबल के जवानों के कारण लोग वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर आ रहे हैं।

बस्तर संभाग के 7 नक्सल प्रभावित जिलों में कुल 1855 ग्राम पंचायतें हैं। लोकतंत्र की बुनियादी विजय पताका के फहरे जाने की वजह यह है कि सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सलियों के हार्डकोर इलाके में 40 से अधिक कैंप स्थापित कर लिये हैं। जिस कारण से इन इलाकों में नक्सलियों का प्रभाव कम हुआ है। नये कैंप खुलने के बाद नक्सली पीछे हट गये हैं। सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों के गढ़ में घुसकर कार्रवाई कर रहे हैं। जिस कारण से वह पंचायत चुनाव का विरोध नहीं कर पाये। इससे पहले नक्सली मजबूत होते थे और हमारे सिस्टम पर हमला करते थे, लेकिन अब वह लगातार कमजोर हो रहे हैं। अब वह अपना गढ़ बचाने में लगे हुए हैं।

सुरक्षाबल के कैंप स्थापित होने से जो गांव नक्सलवाद के प्रभाव से मुक्त हो रहे हैं, वहां से लोग सबसे पहले आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवा कर सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सरकार की योजनाओं का विस्तार इन इलाकों तक हुआ है। वह मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। पूर्व में सुरक्षा बलों की कार्रवाई सीधे अबूझमाड़ में नहीं होती थी। जिस कारण से नक्सलियों का गढ़ सुरक्षित था और वह इस तरह की हरकतें करते थे। मौजूदा सरकार की रणनीति से सुरक्षाबल के जवान गढ़ को भी घेर रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं गढ़ के आसपास भी नक्सलियों पर हमले हो रहे हैं, जिस कारण से नक्सली बैकफुट पर आ गये हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नयी सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे की प्रक्रिया अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के मुताबिक मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

राज्य सरकार बस्तर के नागरिकों को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के लिए संकल्पित है। केंद्र और राज्य का लक्ष्य है कि 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त कराना है। बचे हुए भटके नक्सलियों के पास अब भी मौका है अपनी मांगों को मनवाने के लिए बंदूक की हठधर्मिता का रास्ता छोड़ कर लोकतंत्र के रास्ते विकास का सफर तय करें।

## कोल्हान की खबरें

# स्वर्णरेखा आरती आयोजन समिति का आस्था का 'संगम कार्यक्रम' आज, तैयारियां पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के नेतृत्व में स्वर्णरेखा आरती आयोजन समिति के द्वारा आस्था का संगम कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंगलवार को स्वर्णरेखा दोमुहानी संगम घाट में श्री गुप्ता के निर्देश पर सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर सभी कार्यकर्ता, जुस्को और जमशेदपुर अक्षेस के दर्जनों कर्मचारी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने में जुटे रहे। आयोजन समिति के सदस्य मनोज झा ने बताया महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जो श्रद्धालु कुंभ मेले में शामिल नहीं हो सके वे संध्या बेला में स्वर्णरेखा घाट पर मनमोहक आरती में शामिल हो सकते हैं। बनारस के अस्सी घाट से प्रसिद्ध आचार्य मोहित के नेतृत्व में काशी के पंडित भव्य स्वर्णरेखा आरती करेंगे। साथ ही स्थानीय पुरोहितों की देखरेख में संध्या 5 बजे से नदी पूजन और उसके पश्चात भव्य आरती का आयोजन होगा। इस दौरान अलौकिक पुष्प वर्षा और सुंदर आतिशबाजी भी की जायेगी। श्री झा ने बताया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र का भी वितरण किए जा रहे हैं। इस बार एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भगवान शिव जी से संबंधित विभिन्न कलाकृतियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रहेंगी। साथ ही स्थानीय कलाकार भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। मौके पर आयोजन समिति के बबुआ झा,सुरेंद्र गुप्ता,अजय मिश्रा, बबन शुक्ला, लखीन्द्र करुआ, ईश्वर सिंह, प्रभात ठाकुर, संजय तिवारी,अश्वनी सिंह,सुनील गुप्ता, कैलाश रजक सहित अन्य उपस्थित रहे। झारखंड के मुखियाओं का आइआइएम बोधगया में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण प्रारंभ।

चाइबासा में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी

# भारी मात्रा में हथियार किया गया बरामद, ठिकाना ध्वस्त

**किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाईबासा।** चाइबासा पुलिस कप्तान आशुतोष शेखर को इंफॉर्मेशन मिली कि जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के जंगली और पहाड़ी इलाके में उग्रवादियों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छुपा कर रखा है। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी लग रही ही है। मिली सूचना पर पुलिस कप्तान के निर्देश पर चाईबासा पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों की संयुक्त टीम सर्च ऑपरेशन पर निकल पड़ी। टोंटो थाना क्षेत्र के सरजामबुरू, तुम्बाहाका, पूर्ति टोला और जीम्कीइकीर के आसापस के जंगली और पहाड़ी इलाके को खंगालना शुरू किया। सर्च ऑपरेशन के दरम्यान बीते 24 फरवरी को जीम्कीइकीर जंगल में दो नक्सल डंप को सुरक्षा बलों ने तहस-नहस कर दिया। वहीं, दोनों डंप में से हथियारों का जखीरा और रोजाना इस्तेमाल करने वाले सामान बरामद किया। सुरक्षाबल के जवानों ने बरामद सभी सामानों को जब्त कर लिया।

# जमशेदपुर में मुखियाओं का प्रशिक्षण शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय प्रबंधन संस्थान आइआइएम बोधगया में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत तीसरे बैच के कुल 66 झारंखण्ड के मुखियाओं का प्रशिक्षण आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर प्रशासनिक दक्षता को सशक्त बनाना और सुशासन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना है। तीसरे बैच में झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के 8 मुखियागण में राकेश चन्द्र मुर्मू, सुनील किस्कू, सींगो मुर्मू, सुमी केराई, सालगे सोरेन, नागी मुर्मू, बनाव मुर्मू, बैद्यनाथ मुर्मू शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को नेतृत्व कौशल, वित्तीय प्रबंधन, सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल प्रशासन और ग्रामीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया जायेगा। यह कार्यक्रम झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग और आइआइएम बोधगया के संयुक्त प्रयासों से संचालित की जा रही है। ताकि पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिल सके।

# विधायक ने सेवानिवृत्त सैनिक को उनके पैतृक गांव में किया स्वागत



**खरसावां (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना में हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए विजय कुमार साहू का उनके पैतृक गांव आसनतलिया में भव्य स्वागत किया गया। सेवानिवृत्त सैनिक विजय कुमार साहू अपनी सेवा के दौरान बेंगलुरु, श्रीगंगानगर, पठानकोट, गांधीधाम, जम्मू-कश्मीर, जोधपुर, उधमपुर, सूरतगढ़ जैसे कई महत्वपूर्ण स्थानों पर देश की सेवा कर चुके है। वे 31 जनवरी 2025 को असम से सेवानिवृत्त हुए। सम्मान समारोह में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला परिषद सदस्य कालीचरण बानरा, समाजसेवी बासंती गागराई सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी गणमान्य लोगों ने श्री साहू को बुके और अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया। साथ ही उनके स्वस्थ शरीर व लंबे आयु के कामना की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव छोटराय किस्कु, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, अनुप सिंहदेव, अरुण जामुदा, जोजोडीह पंचायत के मुखिया मंगल जामुदा, दशरथ महतो, अजय सामड,कलिया जामुदा, भवेश मिश्रा, अकबर जिया, संजू हाईबुरू, कृष्णा प्रधान, यशोदा गोप, सुकरा महतो, सुनील साव, रंगबाज बेहरा, सुरेश मोहंती, यशवंत प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस का जागरूकता अभियान



**पुलिस ने ग्रामीणों और नवयुवकों को किया जागरूक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर जिला पुलिस का अवैध अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। बंदगांव थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने पुलिस टीम के सहयोग से गयाडीह, दिग्गी और गगरी गांवों में अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध अफीम की खेती को समाप्त करने और ग्रामीणों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया गया।

**पुलिस ने ग्रामीणों व नवयुवकों को किया**

**जागरूकः** पुलिस ने ग्राम दिग्गी में हॉकी खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों को हिन्दी और मुंडारी भाषा में अवैध अफीम की खेती से होने वाले दुष्प्रभावों और कानूनी परिणामों की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को अवैध खेती छोड़कर वैकल्पिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत हिन्दी और मुंडारी भाषा में पोस्टर, बैनर का वितरण किया गया। ताकि अधिक से अधिक लोग इस संदेश को समझ सकें।

## ग्रामीणों ने अफीम की खेती को किया नष्ट

पुलिस द्वारा चलाये गये जागरूकता अभियान का असर अब दिखने लगी है। टेबो थाना अंतर्गत बिंगबुरू गांव में स्थानीय ग्रामीणों ने खुद पहल करते हुए लगभग 07 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। यह प्रयास न केवल अवैध खेती को खत्म करने में सहायक है,बल्कि समाज में जागरूकता लाने का भी एक बड़ा उदाहरण है।

## पुलिस और ग्रामीणों का संयुक्त प्रयास

जागरूकता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों व पुलिस बल की उपस्थिति रही। पुलिस ने सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए अवैध अफीम की खेती को पूरी तरह समाप्त करने का संदेश देते हुए वैकल्पिक फसलों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया।

# विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जमशेदपुर द्वारा पोटका व धालभूमगढ़ प्रखंडों में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। पोटका के शिविर में मुख्य अतिथि डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। मौके पर पुष्पवर्षा कर आथिति का स्वागत किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा और अंचल अधिकारी निकिता बाला ने अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आथिति के द्वारा दीप प्रजलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ने डालसा के उद्देश्यों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया गरीबों के लिए विधिक सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। वहीं एलएडीसी के अधिवक्ता मनोज प्रसाद ने जेंडर हिंसा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में न्यायाधीशों ने सभी स्टॉलों का भ्रमण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद, एलएडीसी मनोज प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, अंचल अधिकारी निकिता बाला, सीएचसी प्रभारी रजनी महाकुड़, डालसा के पीएलवी चयन कुमार मंडल, डोबो चकिया,छाकु माझी, ललिता पुरान, मीरा मंडल, सविता सोरेन, कुरमीता मुर्मू, ज्योत्सना गोप, बसंती सरदार, जमशेदपुर से रवि मुर्मू,अरुण कुमार रजक,सूरज कुमार, जोबा रानी बास्के, बलराम सहित अन्य उपस्थित रहे। धालभूमगढ़ प्रखंड में शिविर के दौरान मुख्य अतिथि एसडीएलएससी घाटशिला सचिव सह एसडीजेएम दिनेश बाउरी,एसडीएलएससी सहायक अलंकार तामड़िया,पैनल लॉयर सुप्रीती अधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी और धालभूमगढ़ प्रखंड लीगल एड क्लीनिक के पीएलवी उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.1 °c | 13.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.50 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.14 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू, कल आयेगा जवाब

# सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने नकारा





### सदस्यों के बीच नोंकझोंक भी हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन पहली पाली में प्रश्नकाल, शून्यकाल आदि कार्यवाही हुई। वहीं, दूसरी पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हुआ। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने सदन में इस पर अपनी राय रखी। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने अभिभाषण की सराहना की, तो विपक्ष ने इसे असत्य का पुलिंदा बताया। विपक्ष के सदस्यों के बीच नोक झोंक भी हुई।

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अभी तो नयी-नयी सरकार बनी है, अभी किसी को कुछ नहीं कहेंगे। सीपी सिंह ने निश्चय पत्र को दिखाते हुए कहा कि सरकार बनने के दो साल के भीतर नियुक्ति की जायेगी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक माह महिलाओं को पैसा मिलेगा, लेकिन जनवरी और फरवरी की राशि अभी तक नहीं मिली है।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान और अपराधियों को संरक्षण

सीपी सिंह ने रांची में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि इसका सीधा असर गरीबों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है, खनिज लूट रही है और बालू लूट रही है। राज्य में छिनतई और हत्या की घटनाएं रोजाना हो रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा बताया

सीपी सिंह ने राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा बताया और कहा कि सरकार ने अपने वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि रांची में पुलिस के संरक्षण में नशाखोरी हो रही है और अभ्यर्थी जेपीएससी कार्यालय के सामने पिंडदान कर रहे हैं। कहा कि 75 प्रतिशत निजी क्षेत्र में रोजगार मिल रहा है, लेकिन यह वादा पूरा नहीं हुआ है। पांच वर्षों तक उपयोग में नहीं लायी गयी अधिग्रहित भूमि रैयतों को लौटायी जायेगी, लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं हुआ है। गरीब महिलाओं को 2000 रुपये प्रति माह चूल्हा खर्च का वादा किया गया था, लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं हुआ है।

### सरकार में बैठे लोगों में वफा ढूंढना बेकार

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरकार में बैठे लोगों में वफा ढूंढना बेकार है, क्योंकि वे जहर की शीशी में दवा ढूंढ रहे हैं। राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल उठाये और कहा कि इसमें असत्य बातें कही गयी हैं। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण ने सीपी सिंह के आरोपों का जवाब दिया और कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा कहना सही नहीं है।

### मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में हो रही है चर्चा : प्रदीप

विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के पक्ष में बोलते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है और इसके साथ ही बिजली बिल माफी और अबुआ आवास योजना ने भी धूम मचा रखी है। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गयी है। झारखंड सरकार ने दो बार किसानों का कर्ज माफ किया है। पहली बार 50,000 रुपये तक का कर्ज माफ हुआ था, जबकि इस बार 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ हो रहा है। 2024-25 में 7625 आवेदन स्वीकृत हुए, और 738 करोड़ रुपये सब्सिडी ऋण दिया गया है।

### कोयलांचल में रैयतों पर हो रहा जुल्म: जयराम महतो

जेएलकेएम विधायक जयराम कुमार महतो ने सदन में कहा कि कोयलांचल में रैयतों पर जुल्म हो रहा है। उनका आरोप है कि मांडू के कई गांवों में दो कंपनियां खनन करने वाली हैं, जिससे रैयतों को परेशानी हो रही है। इस मामले में पांच सौ से ज्यादा महिलाएं धरना पर बैठी हैं। उनकी मांग है कि उनकी बात सुनी जाये और उन्हें न्याय दिलाया जाये। विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा है कि लगता है इस राज्य में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन चल रहा है। रैयतों पर जुल्म ढाया जा रहा है और माफियाओं की जेब में है झारखंड का लॉ एंड ऑर्डर। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में संज्ञान नहीं लिया गया तो बाघमारा जैसी घटना मांडू में भी हो सकती है।

## प्रश्नकाल में सदस्यों ने उठाये सवाल

# नियमावली गठन की प्रक्रिया चल रही है : रामदास सोरेन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** निरल पूर्ति के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के घंटी आधारित शिक्षक-शिक्षिकाओं के मानदेय के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नियमावली गठन की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। निरल पूर्ति ने केंद्र के तर्ज पर 27 हजार रुपये मानदेय देने की मांग की। समीर कुमार मोहंती के डीएलएड प्रशिक्षण बंद होने के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नयी शिक्षा नीति में चार साल के प्रशिक्षण का प्रावधान है। फिलहाल यह मामला विचाराधीन है। 2030 के बाद डीएलएड की पढ़ाई समाप्त हो जायेगी। विधायक जयराम महतो के स्मार्ट क्लास योजना के सवाल पर कहा कि इसका कागजात उपलब्ध करा दिया जायेगा।

### मां कोलेश्वरी स्टोन पर 28 लाख का फाइन: योगेंद्र

रांची। विधायक जनार्दन पासवान ने सवाल के जरिए पूछा कि हंटरगंज में माफिया, वन पदाधिकारी और खान विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अवैध खनन और व्यापार किया जा रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि मां कोलेश्वरी स्टोन को तीन अक्तूबर 2015 को लघु खनिज का पट्टा दिया गया था। दायरे से अधिक खनन करने पर 2023 में उस पर 27.89 लाख का फाइन भी किया गया है। इसकी जांच करायी जायेगी।

### खनन के लिए किये जा रहे विस्फोटों की करायी जायेगी जांच: योगेंद्र

विधायक सुरेश बैठा ने पूछा कि खलारी के एनके एरिया में कोयला खदानों में नियम विरूद्ध विस्फोट किया जा रहा है। जिससे आस-पास के घरों में दरारें आ गयी हैं। इस पर राज सिन्हा ने कहा कि यह गंभीर विषय है। कमेटी बनाकर इसकी जांच करायी जाये। मनोज यादव ने कहा कि बड़कागांव में भी सीसीएल और एनटीपीसी द्वारा माइनिंग के लिए विस्फोट किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि अगर मामला संज्ञान में आया तो मुआवजा भी दिया जायेगा। जांच करायी जायेगी।

### डॉ इरफान ने कहा, हजारीबाग में बन रहा 500 बेड का अस्पताल



रांची (आजाद सिपाही) झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन ध्यानाकर्षण के तहत विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग सदर अस्पताल का मुद्दा उठाया। कहा कि वहां ऑफलाइन पर्ची कटाने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मशीन भी बंद है। डॉक्टरों की कमी है। इंमरजेंसी दवाएं भी नहीं हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हजारीबाग में शेख भिखारी हॉस्पिटल 500 बेड का बन रहा है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सदर अस्पताल का लोड कम हो जायेगा। 25 मई तक भवन तैयार हो जायेगा। रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है। मथुरा प्रसाद महतो द्वारा पूछे गये डीएमएफटी के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली राज्य हित में नहीं है। इसमें संशोधन होना चाहिए। जितने भी खनिज हैं, सभी से रॉयल्टी आती है। कोडरमा में करियावां मौजा को विस्थापित गांव की सूची में शामिल नहीं करने के सवाल पर भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि इसकी जांच कर विस्थापित गांव की सूची में शामिल किया जायेगा। ध्यानाकर्षण के जरिए विधायक अमित यादव ने यह सवाल पूछा था।

# पेपर लीक मामले पर विधानसभा के अंदर और बाहर बीजेपी विधायकों का प्रदर्शन, सीबीआइ जांच की मांग




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन के अंदर और बाहर बीजेपी विधायकों ने प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बीजेपी विधायकों ने पोस्टर-बैनर लेकर प्रदर्शन किया। कहा कि हेमंत सरकार में जितनी भी परीक्षाएं होती हैं उसका पेपर लीक हो जाता है। जैसे ही 11:10 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। बीजेपी विधायक वेल में घुस गये और सीबीआइ जांच की मांग करने लगे। इसके बाद स्पीकर के समझाने पर माने। डॉ नीरा यादव ने पेपर लीक मामले को लेकर कहा कि पांच दिन हो गये हैं। लेकिन हेमंत सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी है।

### पेपर लीक ने लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल और मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक की घटना ने झारखंड के लाखों होनहार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि आज सदन के बाहर एनडीए विधायकों के साथ पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच और जनहित के मुद्दों पर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर युवाओं को न्याय देने की मांग की। भाजपा एनडीए गठबंधन पूरी ताकत के साथ सड़क से लेकर सदन तक हेमंत सरकार के कुशासन का मुंहतोड़ जवाब देगी।

# रांची में सुबह 5 से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों की नो इंट्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात को लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर में विभिन्न स्थानों से आने वाले वाहनों के लिए नये मार्ग निर्धारित किये गये हैं, ताकि शिव बारात में किसी तरह की असुविधा न हो।

## ट्रैफिक रूट में किये गये बदलाव

- कांके से रांची आने वाले वाहन बोड़ेया तक ही जायेंगे।
- चाइबासा-खूंटी से आने वाली गाड़ियां बिरसा चौक तक ही जा सकेंगी।
- गुमला-सिमडेगा से रांची (अरगोड़ा) आने वाले वाहन कटहल मोड़ तक ही सीमित रहेंगे।
- पलामू-लोहरदगा से आने वाली गाड़ियां सिर्फ पिस्का मोड़ तक ही आ सकेंगी।
- गुमला-सिमडेगा से आने वाले वाहन आइटीआइ बस स्टैंड तक ही जायेंगे।
- जमशेदपुर से रांची आने वाले वाहन दुर्गा सोरेन चौक तक ही जा सकेंगे।
- कांके-पतरातू से रांची आने वाले वाहन चांदनी चौक तक ही सीमित रहेंगे।
- बूटी मोड़ से बरियातू आने वाले वाहन केवल बूटी मोड़ तक ही आ सकेंगे
- बड़े वाहन, मालवाहक वाहन और सिटी राइड बसें इन मार्गों से नगर क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगी।
- पंडरा पिस्का मोड़ से नगर क्षेत्र की ओर सभी भारी वाहन, मालवाहक वाहन और सिटी राइड बसों का परिचालन बंद रहेगा।

### छोटे वाहनों का रूट मैप

- बूटी मोड़, बरियातू मार्ग से छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर जा सकेंगे।
- बोड़ेया रोड से आनेवाले वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर बढ़ सकते हैं।
- मेट्रो गली से न्यू मार्केट तक वाहनों की अनुमति होगी।
- हरमू रोड में जुलूस के यू-टर्न के बाद ही रातू रोड, न्यू मार्केट चौक से कांके की तरफ या किशोरी यादव चौक की ओर वाहन जा सकेंगे।
- बारात के दौरान पिस्का मोड़ से सभी प्रकार के वाहनों का रातू रोड की ओर प्रवेश वर्जित रहेगा।
- शहर के अन्य मार्गों पर छोटे वाहनों का परिचालन सामान्य रूप से जारी रहेगा।

### ये है विशेष अनुरोध

- यात्री नये मार्गों का पालन करें और अनावश्यक भीड़ से बचें।
- यातायात नियमों का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।
- आपातकालीन स्थिति में यातायात पुलिस की सहायता लें।
- आम नागरिक शिव बारात वाले रूट का कम-से-कम प्रयोग करें।

**समाहरणालय, कोडरमा**
**(जिला पर्यटन कार्यालय)**
E-mail:- sportskoderma17@gmail.com

**Request For Proposal (RFP)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम – जिला पर्यटन पदाधिकारी, कोडरमा
2. RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 19–03–2025 पूर्वा0 12:30 बजे तक
3. RFP जमा करने का स्थान एवं समय – जिला पर्यटन कार्यालय, कोडरमा
4. RFP खोलेने का स्थान समय – समाहरणालय सभागार, कोडरमा
5. RFP खोलेने का तिथि एवं समय – 19–03–2025 at 03:00 PM

इच्छूक फर्म / संस्थान से जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद, कोडरमा के द्वारा प्रखण्ड चन्दवारा में निर्मित कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ एवं एडवेंचर मोटर बोट के संचालन / रख–रखाव हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | बन्दोबस्ती का विवरण | | | सुरक्षित जमा राशि (वार्षिक) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद, कोडरमा के द्वारा निर्मित कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ | | | 7,00,000.00 (सात लाख) |
| 2 | एडवेंचर मोटर बोट | | | |
| | Sl. No | Item | Quantity | |
| | 1 | Rescue Speed Boat 8 seater | 2 | |
| | 2 | Life Boat for Resque | 1 | |
| | 3 | Safety Jacket for water sport | 50 units | |
| | 4 | Floating Jetty | - | |
| | 5 | Tandam Kayak | 2 units | |
| | 6 | Life/ Rescue Tube | 20 Units | |

Request For Proposal (RFP) की शर्ते एवं अन्य विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला पर्यटन पदाधिकारी, कोडरमा

PR 347201 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)_D

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**
**डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–15/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में (दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2025 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 12:00 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारति शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक– 07.03.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025–26 लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैम्पु स्टैण्ड (कोडरमा/तिलैया की ओर जाने वाले टैम्पु) | 187550.00 | 18800.00 | दिनांक–07.03.2025 को . 12:00 बजे पूर्वाह्न से |
| 2 | टैम्पु स्टैण्ड (नवलशाही/गिरीडीह की ओर जाने वाले टैम्पु) | 65450.00 | 6600.00 | दिनांक–07.03.2025 को . 12:30 बजे अपराह्न से |
| 3 | सब्जी बाजार | 313500.00 | 31400.00 | दिनांक–07.03.2025 को . 01:00 बजे अपराह्न से |
| 4 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 330660.00 | 33100.00 | दिनांक–07.03.2025 को . 2:00 बजे अपराह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR.NO.347198 Urban Development(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।**

**जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना के संबंध में।**

एतत द्वारा इस प्रमंडल के क्षेत्रान्तर्गत, बुण्डू, सोनाहातु, राहे, ओरमांझी, अनगडा, सिल्ली एवं तमाड प्रखण्ड के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आसन्न गर्मी को ध्यान रखकर उक्त क्षेत्रो में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रमण्डलीय स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसके प्रभारी सुश्री श्वेता सरकार, कनीय अभियंता, प्राक्कलक है, उनके अधीन श्रीमती रूपा वर्मा, सुश्री सोनाली अभिजीत एवं श्रीमती दिपिका सिंह कार्यरत रहेगे, जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के शिकायत कोषांग (Call Center) एवं **https://jharjal.jharkhand.gov.in** पर प्राप्त शिकायतों का शिकायत पुस्तिका में दर्ज एवं संबंधित अभियंता को सूचना तथा शिकायत का निष्पादन होने के उपरांत शिकायत कोषांग (Call Center) एवं **https://jharjal.jharkhand.gov.in** में Update करेगें। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर **06513560890** होगा। उक्त दूरभाष पर उक्त क्षेत्रो में नलकूप मरम्मति/ ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओ में त्रुटि के निराकरण हेतु कार्य दिवस के कार्यावधि में शिकायत दर्ज की जा सकती है। शिकायतकर्त्ता अपना नाम, टोला/ग्राम एवं नलकूप के निकटवर्ती व्यक्ति/स्थान का नाम दूरभाष पर सूचित करगें। शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाई की जायेगी।

चापाकल मरम्मति हेतु शिकायत दर्ज करने के लिए प्रत्येक प्रखण्ड कार्यालय में एवं कनीय अभियंता के प्रशाखा कार्यालय में शिकायत पेटि/शिकायत पुस्तिका की भी व्यवस्था की गई है। चापाकल मरम्मति हेतु प्रत्येक प्रखण्ड में गाडी एवं मजदूरों की व्यवस्था की गई हैं।

विभिन्न प्रखण्डो में पदस्थापित सहायक अभियंता / कनीय अभियंता का नाम एवं दूरभाष नम्बर दिया जा रहा है, जिनसे मरम्मति हेतु सीधे सम्पर्क किया जा सकता है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्रमाक | प्रखण्ड का नाम | प्रभारी पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नं० | सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|
| 1 | बुण्डू | श्री आषिष आनंद, कनीय अभियंता मो० नं० – 9702631902 | श्री तिलेश्फर मिज मो०नं०:– 9955274489 |
| 2 | सोनाहातु | श्री अनील कुमार लिंडा, कनीय अभियंता मो० नं० – 9576216018 | |
| 3 | राहे | श्री अनील कुमार लिंडा, कनीय अभियंता मो० नं० – 9576216018 | |
| 4 | तमाड | श्री श्रीराम उरांव, कनीय अभियंता मो० नं० – 7667223582 | |
| 5 | ओरमांझी | सुश्री दिव्या हाँसदा, कनीय अभियंता मो० नं० – 7294186507 | श्री तिलेश्फर मिज मो०नं०:– 9955274489 |
| 6 | अनगडा | श्री प्रभात कुमार, कनीय अभियंता मो० नं० – 9031000628 | |
| 7 | सिल्ली | श्री जीत मोहन सिंह मुण्डा, कनीय अभियंता मो० नं० – 8210634202 | |

नोट :– पेयजल संबंधित कोई भी परेशानी होने पर संबंधीत प्रखण्ड के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/कार्यालय दूरभाष संख्या 06513560890 या Toll Free Number 18003456502 एवं https://jharjal.jharkhand.gov.in/ पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची।

PR 347226 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

## शिवालयों में आज होगी महादेव-पार्वती की आराधना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** महाशिवरात्री का त्योहार बुधवार को जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया जायेगा। अहले सुबह से स्थानीय शिवालयों एवं देवालयों में शिवभक्तों की भीड पूजा अर्चना के लिए उमडनी शुरू हो जायेगी। महाशिवरात्री को लेकर शिवालयों में रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा अर्चना भव्य तरीके से किया जायेगा। शिवरात्रि को लेकर स्थानीय प्रमुख शिवालयों में भक्तों का मेला लगा रहेगा। शिवरात्री के मौके पर भगवान शिव के विभिन्न मन्दिरों में अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा और शाम में शहर के महादेव आश्रम स्थित बुढुवा महादेव मंदिर परिसर से शिवभक्तों और गणों के साथ शिव बारात निकाली जायेगी। शिव बारात में शिव प्रतिमा को दुल्हे के रूप में श्रृंगार कर बिराजमान कर शहर में बारात निकाली जायेगी। बारात में शामिल शिवभक्त गणों की वेषभूषा धारण कर सड़क पर नाचते गाते चलेंगे। स्थानीय महादेव आश्रम से शिव बारात निकल कर तिवारी दुरा हटिया गार्डेन, चंद्रशेखर आजाद चौक, थाना चौक, गुदरी बाजार होते हुए इस्ट गोला रोड होते हुए देवी मंडप पहुंचेगी। देवी मंडप परिसर में शिव बारातियों का स्वागत सत्कार किया जायेगा। रात्रि में शिव आराधना, शिव पार्वती विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शिवालयों की साज सजावट एवं भक्तिमय स्वर लहरियों से पूरी तरह वातावरण भक्तिमय बना रहा है।

## गैर-आदिवासियों को टीएसी में शामिल करने के विरोध में धरना

सीओ को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के समीप सामाजिक कार्यकर्ता शशिकांत उरांव की अगुवाई में झारखंड में आदिवासी समाज ने अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। बीडीओ की अनुपस्थिति में भंडरा अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर अगुवाओं ने कहा कि समाज के लोगों ने टीएसी (जनजातीय सलाहकार परिषद) में गैर-आदिवासियों को शामिल करने का विरोध किया। संविधान के अनुच्छेद 244(1) के तहत टीएसी का गठन होता है। झारखंड अलग राज्य बने 24 साल हो चुके हैं। अब तक टीएसी में 20 सदस्य आदिवासी होते थे। पहली बार राज्य सरकार ने इसमें गैर-आदिवासियों को शामिल किया है। आदिवासी समाज ने इसे अनुसूचित क्षेत्र खत्म करने की साजिश बताया। ज्ञापन में हाईकोर्ट के आदेश का भी जिक्र किया गया। कोर्ट ने हेमंत सरकार को दो महीने में पेसा कानून-1996 लागू करने का निर्देश दिया था। छह महीने बीतने के बाद भी सरकार ने इसे लागू नहीं किया। छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम में संशोधन की मांग भी उठी।

आरोप लगाया कि सादा पट्टा पर जमीन की लूट हो रही है। बाहरी लोगों के लिए झारखंड चारागाह बन गया है। आदिवासी महिलाओं को गैर-आदिवासी साजिश के तहत फंसा रहे हैं, ताकि उनकी जमीन हड़पी जा सके। पंचायत और नगर निकाय चुनावों में भी यह देखने को मिल रहा है। आदिवासी विवाहित महिलाओं का जाति प्रमाण पत्र ससुराल से बनाने और उसमें पति का नाम जोड़ने की मांग की गयी। सामाजिक व्यवस्थाओं को मानकी मुंडा व्यवस्था की तर्ज पर मान्यता देने की मांग भी उठी। ज्ञापन में 11 नवंबर 2020 को विधानसभा से पास ट्राइबल सरना पहचान प्रस्ताव को सभी सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में लागू करने की मांग की गयी। आदिवासी समाज ने राज्यपाल से संविधान की मूल संरचना की रक्षा करने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मनमानी पर हस्तक्षेप करने की अपील की। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदिवासी समन्वय समिति के अध्यक्ष अरविंद उरांव, जिला पड़हा बेल लक्ष्मी नारायण भगत सहित अन्य शामिल थे।

## बालू माफिया पर नकेल कसे प्रशासन, नहीं तो भाजपा करेगी आंदोलन : अनिल उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि अवैध बालू तस्करी को लेकर मीडिया रिपोर्टिंग कर रहे मीडिया कर्मियों के उपर जानलेवा हमला का प्रयास निंदनीय और सत्य को छुपाने का प्रयास है। सत्तारूढ़ पार्टी के कतिपय जिलाध्यक्ष के निर्देश पर किया गया कार्य निंदनीय है। इसकी जिला भाजपा कड़ी निंदा करता है। कहा कि, संविधान की प्रति लेकर चुनाव में वोट मांगने वाले लोहरदगा के विधायक, सांसद एवं झारखंड सरकार की चुप्पी बताता है कि संविधान से इन्हें कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा नेता अनिल उरांव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथा स्तंभ पत्रकार को माना जाता है। मीडियाकर्मी समाज में फैली बुराइयों एवं प्रशासनिक विफलताओं को सामने लाने का काम करते है। उन पर जानलेवा हमला किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों का गला घुटने के समान है। कहा जिला प्रशासन इस मम्मले पर गंभीरता से संज्ञान लेकर बालू माफियाओं पर नकेल का कासना सुनिश्चित करें। कहा, बालू घाटों की नीलामी करने के लिए झारखंड सरकार से बात कर जनता के लिए बालू उपलब्ध कराना चाहिए। कहा कि, जब से झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार सत्ता मेंआई है तब से, नदी का बालू जनता के लिए दुर्लभ हो गया है। जिससे विकास कार्यों एवं लोगों को अपना आवास बनाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री आवास आवास नहीं बनने पर जिला प्रशासन से नोटिस दी जा रही है। जनहित में फैसला लेने की बात करने वाली झारखंड सरकार कोई भी जनहित का कार्य नहीं कर रही है। सभी जगह आव्यवस्था एवं अपराध चरम पर है। भाजपा नेता अनिल उरांव ने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया है कि इस मामले पर संज्ञान लेकर एंव जनहित को देखते हुए जनता के लिए बालू उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। स्थिति पर सुधार नहीं होने पर भाजपा आंदोलन का रास्ता अपनायेगी।

## लोगों की समस्याओं को दूर करना ही पहली प्राथमिकता: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया।

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

अबुआ आवास को लेकर बालूमाथ प्रखण्ड की निवासी सरस्वती मसोमात ने आवास नही मिलने के कारण हो रही समस्या के संबंध में उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं तथा लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जन शिकायत निवारण में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, रोजगार, अबुआ आवास से संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समाधान जल्द से जल्द करें।

## बरवाडीह प्रखंड में 104 शिक्षकों के पद खाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में 104 शिक्षकों का पद खाली है। उन स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना नही होने से छात्रो की पढ़ाई प्रभावित हो गयी है। स्थिति यह हो गयी है कि शिक्षकों के अभाव में छात्रो को जैसे - तैसे पढ़ाया जा रहा है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार बरवाडीह में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय की संख्या 76 है। उन स्कूलों में 239 सरकारी शिक्षकों का पद स्वीकृति है। इनमें मध्य विद्यालय के हेडमास्टर का भी पद शामिल है, लेकिन वर्तमान में अभी उन स्कूलों में 135 सरकारी शिक्षक ही कार्यरत हैं। राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 24, मध्य विद्यालय में हेडमास्टर और सहायक शिक्षक सहित 59 और उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 21 सहित 104 शिक्षकों का पद रिक्त है। उन विद्यालयों के शिक्षकों और हेडमास्टर के सेवानिवृत होने के बाद पद खाली हो जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बताया जाता है कि काफी दिनों से शिक्षकों के पद खाली रहने की कमी छात्रों और कार्यरत शिक्षकों को झेलना पड़ रहा है।

इधर बरवाडीह के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह ने भी शिक्षकों का पद खाली रहने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विभाग को शिक्षक के पद खाली रहने के बारे में अवगत करा दिया गया है। शिक्षकों की बहाली की कोशिश में विभाग लगा हुआ है।

## वाहन चेकिंग अभियान में 70201 रुपये की वसूली

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) सुनील कुमार ने मंगलवार को शाम यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले टू व्हीलर और फोर व्हीलर वाहनो पर सख्त कारवाई करते हुए 70201 रुपये का ऑनलाइन जुर्माना काटा। बालूमाथ थाना चौक स्थित पुराने बस स्टेन के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दर्जनों टू व्हीलर और बड़े वाहनों की जांच की गई, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, ओवरलोडिंग और अन्य नियमों के उल्लंघन के मामलों में वाहनो से कुल 70201 रुपये का जुर्माना वसूला गया। एमवीआइ सुनील कुमार ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 10 दिन से मध्याह्न भोजन बंद, हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड के सदर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाड़ी में बीते दस दिनों से मध्याह्न भोजन नहीं मिल रहा, जिससे बच्चे भूखे ही घर लौटने को मजबूर हैं। विद्यालय में शिक्षकों की घोर लापरवाही और प्रबंधन की उदासीनता के चलते छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने इस अव्यवस्था के खिलाफ हंगामा किया। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय खुलने के बाद शिक्षक आते तो हैं, लेकिन सिर्फ बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कर चलते बनते हैं। बच्चों को पढ़ाने और स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने में कोई रुचि नहीं ली जा रही। विद्यालय में कक्षा संचालन नाम मात्र का हो रहा है, जबकि बच्चे पूरे दिन खेलने को मजबूर हैं। विद्यालय में 166 बच्चों का नामांकन है और यहां केजी-1 से कक्षा 8 की पढ़ाई होती है।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवराज कुमार गंझू ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत रसोईया प्रमिला देवी और कविता देवी को पिछले लगभग एक साल से मानदेय नहीं मिला है। इससे नाराज होकर उन्होंने काम बंद कर दिया है। मानदेय न मिलने की शिकायत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से की गयी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार ने इस पूरे मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि मैं मैट्रिक व इंटर परीक्षा में ड्यूटी पर तैनात हूं और स्कूल का प्रभार सुनील कुमार को सौंप दिया गया है। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय प्रशासन और जिला शिक्षा विभाग की अनदेखी के कारण स्कूल की स्थिति दयनीय हो गयी है। शिक्षक अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं और बच्चों के भविष्य की चिंता किसी को नहीं है।

इस मामले पर पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने कहा कि दस दिनों से बच्चों को भोजन न मिलना घोर लापरवाही है। उन्होंने उपायुक्त से संलिप्त शिक्षकों और रसोईया पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मध्याह्न भोजन न मिलना गंभीर मामला है। इस पर अविलंब जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## सिंचाई के लिए विकल्प ढूंढकर जल संचय किया जाये : रीना कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य जलछाजन मिशन अंतर्गत लोहरदगा जिला में वाटरशेड यात्रा का मंगलवार को समापन हो गया। इसके अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन कैरो प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सांसद प्रतिनिधि जाहिद अहमद, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव, जलछाजन के स्टेट नोडल हेड विपुल विकास समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि जलछाजन मिशन अंतर्गत यह कार्यक्रम बहुत ही बढ़िया तरीके से आयोजित किया गया। कृषि कार्य में जल का इस्तेमाल हमेशा से होता आया है और इसके लिए जरूरी है कि सिंचाई के लिए विकल्प ढूंढा जाय, जल संचय किया जाये। जल संचय कर हम बारिश के पानी से डोभा, तालाब के लिए जल की व्यवस्था कर सकते हैं। मेढ़बंदी कर मिट्टी का कटाव रोक सकते हैं। कार्यक्रम में कृषि व विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये हैं जिसका फायदा उठा सकते हैं। आज जिला के कुडू व कैरो समेत कई क्षेत्रों में कृषि की नई तकनीक का इस्तेमाल लोग कर रहे हैं और अपनी आय बढ़ा रहे हैं।

**समेकित प्रयास से आयेगी खुशहाली : डीडीसी**

उप विकास आयुक्त, लोहरदगा ने कहा कि सभी के प्रयास से ही खुशहाली आएगी। जलछाजन मिशन एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें पानी के संरक्षण की जानकारी दी जा रही है। इससे जुड़कर किसान खुशहाल हो रहे हैं। डोभा के जरिये जल संरक्षण कर सकते हैं। मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन की योजनाओं से किसानों का सशक्त बनाया जा रहा है। सभी को मिलकर समाज के विकास के लिए अपनी भागीदारी निभानी होगी।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा वाटरशेड योद्धा किसानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।जलछाजन मिशन के जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रिंस कुमार द्वारा सभी अतिथियों व आमजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलायी गयी और संयुक्त रूप से सभी ने जलछाजन गीत गाया।

## शिक्षक संघ ने डीइओ सह डीएसइ का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** किसी भी शिक्षक को अकारण कार्यालय की भाग दौड़ की जरूरत नहीं होगी। उपर्युक्त बातें जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार ने झापसा शिक्षक प्रतिनिधि के साथ भेंटवार्ता में कही। डीइओ सह डीएसई अभिजीत कुमार ने कहा कि शिक्षक मनोयोग से शिक्षण कार्य करें। कार्य अगर समर्पण और इमानदारी के साथ होगा तो नौनिहालों का भविष्य बेहतर होगा। शिक्षा में विकास में सबकी भूमिका अहम है। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के शैलेंद्र सुमन और मुमताज अहमद के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर स्वागत किया गया।

## कार्य के प्रति समर्पित रहें कर्मी : डॉ शंभूनाथ चौधरी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को सिविल सर्जन लोहरदगा डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी की अध्यक्षता में प्रखंड लोहरदगा के टाउन हॉल में सभी लोहरदगा प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा द्वारा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रथम स्थान स्वास्थ्य उपकेंद्र निगनी, द्वितीय स्थान स्वास्थ्य उप केंद्र भुजानिया एवं तृतीय स्थान स्वास्थ्य उपकेंद्र कुर्से को जिन्होंने आइएचआइपी पोर्टल पर सर्वाधिक कार्य किया उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह जिला सर्विलांस पदाधिकारी लोहरदगा डॉ. शंभू नाथ चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लोहरदगा नाजिश अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी लोहरदगा डॉ. शंकर प्रसाद, जिला एपिडेमोलार्जस्ट प्रशांत चौहान, आइडीएसपी जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर आइडीएसपी विमलेश कुमार प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक विनोद कुमार, प्रखंड डाटा मैनेजर नवीन कुमार बहुउद्देशीय कार्यकर्ता मनीष कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। गौरतलब है कि आइडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के माध्यम से सभी जिला में बीमारियों की रिपोर्टिंग एएनएम के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फैली बीमारियों की रिपोर्टिंग आइडीएसपी के पोर्टल पर डालना होता है। अगर किसी एक बीमारी की पांच से अधिक मरीज एक क्षेत्र में मिल जाए तो उसे आउटब्रेक की श्रेणी में जिला द्वारा डालना होता है जिससे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसे क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम के उपाय ससमय किया जाये।

## रितेश कुमार बने विहिप के जिलाध्यक्ष



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विगत 22 फरवरी से आरंभ विश्व हिंदू परिषद का प्रांतीय बैठक रामगढ़ जिला में संपन्न हुई। जिसमें नये सत्र हेतु झारखंड प्रांत के कुछ जिलों में विश्व हिंदू परिषद के नयी समिति का गठन करते हुए लोहरदगा जिला हेतु रितेश कुमार को जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया। जबकि पूर्वाध्यक्ष रामलखन प्रसाद को कार्यकारिणी सदस्य तथा कार्यकर्ता प्रियांशु कुमार को जिला संयोजक बनाया गया। ज्ञातव्य हो कि पूर्व के 2021-22 वर्ष में रितेश कुमार विश्व हिंदू परिषद का जिला मंत्री रहते हुए संगठन को नयी ऊंचाइ तक पहुंचाने में अपनी सशक्त भूमिका निभायी थी, परंतु विगत दो वर्षों से व्यक्तिगत कारणों से संगठन के किसी भी दायित्वों से किनारा कर लिया था। अब एक बार फिर से संगठन को सशक्त व सुदृढ़ करने की जिम्मेवारी रितेश कुमार को दी गयी है। रितेश कुमार के विश्व हिंदू परिषद, लोहरदगा जिलाध्यक्ष बनने पर प्रवीण कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मदन मोहन पांडेय, रामलखन प्रसाद, महेंद्र महतो, सुनील कुमार अग्रवाल, विपुल तामेडा समेत अनेक सनातनी भाई बन्धुओं ने बधाई दिया।

## 772 विद्यार्थियों ने दी समाजिक विज्ञान की परीक्षा



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मंगलवार को समाजिक विज्ञान की परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नंदलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 418 छात्र छात्राओ में से 416 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में से 356 विद्यार्थियों ने समाजिक विज्ञान का परीक्षा दिया। वही 777 परीक्षार्थियों में से 772 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है और परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी 777 में से 772 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हो समाजिक विज्ञान का परीक्षा दिया। 5 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार,शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआइ गोवर्धन तुरी, रामचंद्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने लोगों को शिव महिमा की जानकारी दी



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के धर्मपुर रोड स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केंद्र में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में शिव जन्म उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजधानी यादव महेंद्र प्रसाद और सियाराम इस आयोजन में शिरकत किया। जिला प्रभारी बीके अमरमणि बहन ने सनातन धर्म के लोगों को शिव की महिमा के बारे में विस्तृत जानकारियां दी और कहा कि यह पृथ्वी भगवान शिव से चलती है उनके अलावा और कोई ईश्वर पृथ्वी को नहीं चला सकते हैं इसीलिए सभी भगवानों ने भगवान शिव को देवों के देव महादेव का उपाधि दिया है। सभी लोग भगवान शिव की आराधना करते हैं और भगवान शिव के जीवन भी अपने सेवकों के लिए बड़ी सहज है। भगवान शिव की पूजा अर्चना करने में बहुत ज्यादा की जरूरत नहीं है सिर्फ मन में शिव की आराधना को लेकर बैठ जायें। इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बहनों का भी उपस्थिति देखी गयी जिसमें गुड़िया बहन प्रीति बहन सोनम बहन अनीता माता कविता माता समेत कई लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे। वहीं सभी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई दिनों से अपने कार्य को अंतिम रूप देने के लिए चंद्रेश भाई ने भी अपने कार्य इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## ढोल-नगाड़े के साथ निकलेगी शिव बारात : विहिप

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि जिस प्रकार प्रयागराज महाकुम्भ स्नान में आप सभी ने धार्मिक निष्ठा दशार्या है उसी प्रकार भगवान शिव के बारात में शामिल होकर अपनी सनातनी व चट्टानी एकता का परिचय देने के साथ साथ धार्मिक समर्थन व समर्पण का परिचय दें। उन्होंने कहा कि दशकों पूर्व से महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव बारात निकालने की परपंरा निर्बाध रूप से लोहरदगा नगर क्षेत्र में चलते आ रही है। इस क्रम एवं परंपरा को जारी रखते हुए आज स्थानीय गुदरी बाजार अवस्थित ठाकुर बाड़ी से गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ शिव बारात निकाली जायेगी, जो ऊपर बाजार, राणा चौक, लहेरी मुहल्ला, तिवारी दुरा, हटिया गार्डन बालिका स्कूल, थाना रोड होते हुए बड़ा तालाब अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर तक जायेगी।

# लूट और चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने पांच अलग-अलग लूट,चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। इस संबंध में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पकड़े गये अपराधकर्मी पिछले महीने से लेकर इस महीने तक पांच अलग-अलग लूट एवं चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को संध्या में हैदरनगर थाना एवं मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में तीन अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर लूटपाट की गयी थी। अपराधियों ने हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक रोड, हैदरनगर बाजार से सददाम हुसैन के सीएसपी में पैसे की लूट के इरादे से आए थे लेकिन जब पैसा नहीं मिला तो वहां के संचालक का आईफोन तथा मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कादल के पास एक व्यक्ति से टीवीएस राइडर बाइक लूट ली थी। वहीं जनवरी महीने में लेस्लीगंज थाना से चोरी किए हुए ब्लू रंग का अपाची बाइक जिसका उपयोग किशुनपुर ओपी क्षेत्र में सीएसपी लूट,नावाजयपुर थाना अंतर्गत बर्तन एवं ज्वेलरी दुकान में लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 फरवरी को संध्या में गुप्त सूचना के आधार पर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे टनल के पास छापेमारी की गयी। इस दौरान पांच अपराधी किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में एकत्रित थे। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर इन्हें गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि इन सभी लूट कांड मुख्य सरगना नीरज राम था। इनके टीम के दो लोग बाइक में सवार होकर जिस जगह घटना को अंजाम देना है पहले वहां की रेकी करते थे। फिर उसके बाद एक मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर घटना को अंजाम देते थे। इस टीम में शामिल विशाल चंद्रवंशी कांग्रेसी नेता राजमोहन पोलू हत्या कांड में जेल भी जा चुका है।

छापेमारी में हैदरनगर थाना/ मोहम्मदगंज थाना/ पाटन थाना/ नवाजयपुर थाना के लूट कांड में उपयोग किये गये 7.65 एमएम का दो देशी पिस्टल, एक देशी कटटा, तीन गोली, एक मिसफायर गोली एवं ब्लू रंग का अपाची बाइक। हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसपी से लूटा गया आइफोन। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र से लूटा गया बाइक। पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसपी से लूटा गया 6330 रुपये और पांच मोबाइल बरामद हुए।

छापेमारी दल में एस मोहम्मद याकूब (भापुसे), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद। दिव्यांश शुक्ल, परि. भापुसे, थाना प्रभारी, हैदरनगर। पुनि सोनू कुमार चौधरी, थाना प्रभारी, हुसैनाबाद, पुअनि मुकेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी, मोहम्मदगंज, पुअनि बबलू कुमार, ओपी प्रभारी देवरी,पुअनि अफजल अंसारी, हैदरनगर थाना, पुअनि विवेक कुमार, हैदरनगर थाना, पुअनि संजय यादव, हुसैनाबाद थाना, पुअनि शेख अमानुल्लाह, मोहम्मदगंज थाना, सशस्त्र बल एवं तकनीकी शाखा शामिल रहे।

### घटना में शामिल आरोपियों के नाम

निरज राम उर्फ नीरज कुमार चंद्रवंशी (20 वर्ष) निवासी पोखराहा, थाना सदर। अंकु कुमार सिंह उर्फ अंकु सिंह (19 वर्ष) निवासी मोकहर कला, थाना हैदरनगर। विशाल चंद्रवंशी (18 वर्ष) निवासी सेमाटाड (शाहपुर), थाना चैनपुर। सूरज कुमार उर्फ सरोज कुमार (18 वर्ष), निवासी - कररकला, थाना पाटन। राजन कुमार पासवान (24 वर्ष), निवासी सिकी कला, थाना पाटन।

# जपला आशुतोष धाम मंदिर परिसर से आज निकलेगी शिव बारात

आजाद सिपाही संवाददाता


संकल्प करवाते शंभू पाठक और उपस्थित कीर्तन मंडली के लोग।


**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्थित आशुतोष धाम मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के एक दिन पहले अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। यह अखंड कीर्तन 24 घंटा का किया गया है। इसका समापन महाशिवरात्रि के दिन होगा। उसके बाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के सदस्य समाजसेवी राजेश्वर सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर आशुतोष धाम मंदिर परिसर से एक बजे शिव बारात निकाला जायेगा।

वही अखंड कीर्तन के मुख्य स्रोता के द्वारा संकल्प कराकर अखंड कीर्तन का शुभारंभ करवाया गया। पंडित शंभू पाठक के द्वारा पूरे वैदिक मंत्रों के साथ अखंड कीर्तन का संकल्प करते हुए कलश स्थापना कराया गया। 24 घंटे तक लगातार हरे कृष्णा हरे राम का भजन चलता रहेगा। अखंड कीर्तन समापन के बाद मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर कई धार्मिक अनुष्ठान पंडित शंभू पाठक के द्वारा संपन्न कराया जायेगा। उसके बाद भंडारा के साथ अखंड कीर्तन का समापन किया जायेगा। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा, सब इंस्पेक्टर कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, युगेश प्रसाद यादव, समाजसेवी राजेश्वर सिंह, रवि सिंह, संतोष ठाकुर, राकेश कुमार, संजय सिंह,मिथलेश कुमार, सुनील राय, अरुण कुमार कीर्तन मंडली के आनंद कुमार यादव, सुनील प्रसाद गुप्ता समेत कई अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

# डीसी ने बाल श्रमिक को रखने वाले प्रतिष्ठान संचालकों पर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

बाल श्रम उन्मुलन एवं पुर्नवास हेतु जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन मंगलवार को अपने कार्यालय वेश्म में श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मुलन एवं पुर्नवास हेतू जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक की। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जो नियोजक अपने प्रतिष्ठान में 14 वर्ष के कम उम्र के बाल श्रमिक को नियोजित करते है, उनके विरूद्ध बाल एवं अल्प व्यस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए 20,000-20,000 रुपये प्रति बाल श्रमिक जुर्माना के रूप वसूली किया जाये। वहीं विमुक्त बाल श्रमिक की ट्रैकिंग तथा पुर्नवासन के लिये मानक कार्य पद्धति के अनुसार कार्य कये जाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को विमूक्त बाल श्रमिकों को कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विघालय एवं अनुसूचित जाति एवं जनजातीय आवासीय विद्यालयों में नामांकन करवाया जाय एवं उनके माता-पिता को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये। उन्होंने समय-समय पर जिले में बाल श्रमिक के उन्मूलन हेतू गठित धावा दल द्वारा छापेमारी अभियान चलाने का सख्त निदेश दिया। श्रम अधीक्षक एतवारी महतो द्वारा बताया गया कि अल्पव्यस्क बाल श्रमिक(प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से काम लेना कानूनी अपराध है। अगर कोई नियोजक 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से काम लेते हैं, तो उनको 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या 20000 रुपए से लेकर 50000 रुपया तक जुर्माना या दोनों हो सकता है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# थाने के सामने पारा शिक्षक ने किया आत्मदाह, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पलामू।** जिले के पांडू में एक पारा शिक्षक ने पुलिस थाना के बाहर खुद को आग लगा ली। थाना में मौजूद पुलिसकर्मी दौड़कर पहुंचे और आग को बुझाया। आग बुझाने के बाद पुलिस कर्मियों ने पारा शिक्षक को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां से पारा शिक्षक को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती किया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिय गया। पारा शिक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन भी अस्पताल पहुंच गये। दरअसल पारा शिक्षक का विवाद अपने चचेरे भाई के साथ हुआ था। दोनों चचेरे भाइयों में एक निर्माण कार्य को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद पारा शिक्षक हाथ में पेट्रोल लेकर थाना के गेट पर पहुंचा था। इस दौरान वो नशे की हालत में थे और थाना गेट के बाहर पहुंचे थे। थाना के गेट के बाहर पारा शिक्षक अपने चचेरे भाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

पुलिस जब तक पुलिस पूरी बात की जानकारी ले पाती और समझ पाती पारा शिक्षक ने खुद को आग लगा ली। पांडु के थाना प्रभारी सौरव कुमार ने बताया कि संबंधित व्यक्ति हाथ में पेट्रोल लेकर थाना की तरफ बढ़ रहा था और छिड़क रहा था। पुलिस को रोकने से पहले उन्होंने आग लगा ली। वे लगातार कार्रवाई करने की बात बोल चिल्ला रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने आग को बुझाया और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भेज दिया।

## झामुमो की प्रखंड और पंचायत कमेटी गठन के लिए बैठक

# राजन सिंह को प्रखंड अध्यक्ष बनाने का रखा प्रस्ताव




आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पलामू।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के बभंडी में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक प्रमुख के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान सह बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक सह जिला संयोजक सदस्य बालकिशुन उरांव के देखरेख में पंचायत कमेटी की गठन की गयर। वहीं पंचायत कमेटी के सदस्यों द्वारा राजन सिंह उर्फ भोलू बाबू को पीपरा के प्रखंड अध्यक्ष बनाने की प्रस्ताव रखा। जबकि सदस्यों ने प्रखंड उपाध्यक्ष विश्वनाथ राम व माधव सिंह, सौरभ कुमार सिंह को प्रखंड सचिव एवं बिंदेश्वरी पाठक को कोषाध्यक्ष बनाने को अपनी सहमति जतायी। मौके पर जिला संयोजक सदस्य सन्नू सिद्दीकी, हाजी शमीम अहमद, जिला वरिष्ठ नेता प्रिंस प्रताप सिंह ने कहा कि पंचायत अध्यक्षों द्वारा प्रखंड कमेटी के लिए सहमति दी गयी है, जिसका अनुमोदन के लिए राज्य कमेटी को भेजा जायेगा। साथ ही कहा कि आने वाला समय में कार्यकर्ताओं की बदौलत पीपरा प्रखंड झामुमो और भी ज्यादा मजबूत होगा। मौके पर जिला वरिष्ठ नेता प्रिंस प्रताप सिंह, रमेश सिंह, देवनंदन भारद्वाज के अलावे पंचायत अध्यक्ष सागर कुमार, रविशंकर कुमार उर्फ खन्नू सिंह, मदन सिंह चंद्रवंशी, अरुण कुमार, राकेश रंजन व सौरभ कुमार उर्फ शिवाजी सहित कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जेएसएलपीएस बीपीएम को सम्मानित होने पर प्रखंड प्रमुख ने दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिला स्तरीय रोजगार मेला में पलामू उपायुक्त शशिरंजन के द्वारा हुसैनाबाद के जेएसएलपीएस बीपीएम अंजनी कुमार को प्रथम श्रेणी से सम्मानित होने पर प्रखंड प्रमुख ने बधाई दी। मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने जेएसएलपीएस द्वारा किये जा रहे क्षेत्र में कार्य तथा जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त करने को काफी सराहना की और बधाई दी। साथ ही उन्होंने बीपीएम अंजनी कुमार के कार्य की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आप सभी इसी तरह मेहनत से कार्य करें और हुसैनाबाद प्रखंड का नाम रौशन करें। मौके पर बीपीएम अंजनी कुमार, पंचायत समिति सदस्य राजवंश यादव बड़ेपुर समेत सखी मंडल की सभी कैडर उपस्थित रहे।

# क्रेशर संचालकों ने मृतक के परिजनों को पांच लाख की सहयोग राशि दी

आजाद सिपाही संवाददाता


मृतक के आवास पर पीड़ित परिवार से वातार्लाप करते बीडीओ सीओ थाना प्रभारी व अन्य

**हरिहरगंज/ पलामू।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के होल्या दोबटिया पत्थरा जपला रोड पर सड़क हादसे में मृतक हिमांशु गुप्ता के परिजनों को झामुमो जिला वरिष्ठ नेता सह ज्योति कंस्ट्रक्शन के संचालक प्रिंस प्रताप सिंह के नेतृत्व में क्रेशर संचालकों ने पांच लाख रुपए सहयोग राशि देकर मदद की। मंगलवार को प्रिंस प्रताप सिंह ने पीपरा बाजार स्थित पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार तथा थाना प्रभारी बिमल कुमार के उपस्थिति में मृतक के पिता सुदर्शन गुप्ता को सहयोग राशि सौंपी।

वहीं क्रेशर तथा माइंस संचालकों ने पीड़ित सरोज गुप्ता के घायल पुत्री आदिति कुमारी के इलाज में भरपाई करना का भरोसा दिलाया।मैके पर पीड़ित परिवारों को आश्वासन देते हुए प्रिंस प्रताप सिंह ने कहा कि घटना काफी दुखद है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। वहीं उन्होंने परिजनों के साथ रहने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीण अरुण मिश्रा, भीम प्रजापति, काशी प्रजापति, बाला प्रजापति, सुनील सोनी, वीरेंद्र प्रजापति सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# जेइ-संवेदक पर पंचायत सचिवालय भवन में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत के ढाब गांव स्थित पंचायत सचिवालय भवन निर्माण में मानक के विपरीत घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए मुखिया जितेंद्र पासवान ने बताया कि भवन निर्माण में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले संवेदक ने घटिया दीवार में घटिया ईंट का प्रयोग किया गया था। आपत्ति जताने पर संवेदक ने खुद ही दीवार को तोड़कर कुछ ईंटे हटाई भी थी। शेष दीवाल का निर्माण मानक के विरोध किया गया है। भवन के निर्माण में घटिया किस्म के ईट, मिट्टी युक्त बालू लगाया जा रहा है। मुखिया जितेंद्र ने कहा कि पंचायत सचिवालय भवन निर्माण की जांच होने पर संबंधित संवेदक तथा जेई पर कार्रवाई निश्चित होगी। संवेदक द्वारा पंचायत सचिवालय भवन का जैसे - तैसे घटिया सामग्री से निर्माण करा कर फर्जी तरीके से पैसे का भुगतान कराने की कार्रवाई में जुट गए हैं। मुखिया ने राशि निकासी को लेकर तत्काल रोक लगाने की मांग जिला अधिकारियों से की है। इस संबंध में संवेदक तथा संबंधित जेइ नीरज सिंह से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, फोन की घंटी बजती रही पर फोन उठाने का जहमत नहीं उठाया।

# महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एसडीओ गौरांग महतो की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया। मौके पर एसडीओ गौरांग महतो ने सभी शिवालयों पर पुलिस को नजर रखने व गश्त तेज करने की बात कही। एसडीओ ने शिवरात्रि पर्व मिलजुल कर सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होंने आम लोगों से किसी तरह की अफवाह पर तत्काल प्रशासन को सूचना देने की बात कही। मौके पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, आरएसएस के दिनेश कश्यप, डॉ. एजाज आलम, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर कार्तिक बिंझा, लोकनाथ केशरी, भाजपा नेता अजय गुप्ता, तक्की हुसैन, सूर्यनाथ पासवान, इजहार अंसारी समेत गणमान्य लोगों के अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# संत मरियम स्कूल के दो तीरंदाज नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए हुए चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में झारखंड तीरंदाजी संघ द्वारा स्टेट ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें में पलामू जिला तीरंदाजी संघ के पांच खिलाडियों ने अपना जौहर दिखाये। जिसमें प्रीतम राज और विशाल कुमार का चयन 14 मिनी नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया। नेशनल चैंपियनशिप गुंटूर आंध्र प्रदेश में 20 मार्च से 25 मार्च तक अयोजित की जायेगी।

इस उपलब्धि पर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि पलामू जैसे सुदूर वर्ती जिले के लिए यह गर्व की बात है। वर्तमान परिदृश्य की मांग है कि बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत बनाना। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए संत मरियम स्कूल स्थापना काल से ही कटिबद्ध है। विद्यालय प्रबंधन ने चयनित बच्चों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दिया।

# कृषि विज्ञान केंद्र में कर्मियों का धरना जारी, 27 को करेंगे तालाबंदी

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यरत संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। संविदाकर्मी 27 फरवरी को केवीके में तालाबंदी करेंगे। संविदा कर्मियों का कहना है कि वह पिछले 21 वर्षों से कृषि विज्ञान केंद्र में अनुसेवक, ड्राइवर, पद पर कार्यरत हैं। कर्मियों ने कहा कि अपनी समस्याओं से वरीय पदाधिककारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया। बालूमाथ कृषि विज्ञान केंद्र के दो संविदाकर्मी अशोक कुमार और मुन्नी सिंह सेवा नियमित करने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने सेवा नियमित करने के सितंबर 2021 को आदेश दिया था, इसके बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। कोर्ट के आदेश में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सिर्फ एक कर्मी शुभंकर कुमार का नियमितिकरण किया। वह साहेबगंज कृषि विज्ञान केंद्र में टंकन के पद के विरूद्ध कार्यरक्त था। बाकी कर्मियों के बारे में झारखंड उच्च न्यायालय को बताया दिया गया कि सभी फिट नहीं बैठते हैं। विश्वविद्यालय 27 डिग्री धारी संविदाकर्मियों में से जब कृषि विश्वविद्यालय में 16 सहायक पद का विज्ञापन निकाला गया तो मात्र दो उम्मीदवार और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों में से 6 उम्मीदवार का साक्षात्कार लिया गया। 31 जनवरी 2025 को जारी परिणाम में गढ़वा कृषि विज्ञान केंद्र के किसी संविदा कर्मी या दैनिक वेतन भोगी कर्मी का चयन नहीं किया गया।

# रोजगार मेला में 483 युवाओं को मिला नौकरी का ऑफर लेटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** निलाम्बर पीताम्बर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन, टाउन हॉल में चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पलाश (जेएसएलपीएस) गढ़वा के द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेला में देश के विभिन्न जगहों से करीब 33 कंपनियों ने अपने रिक्तियों के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में डीपीएम जेएसएलपीएस द्वारा स्वागत भाषण देते हुए जिला स्तरीय आयोजित रोजगार सृजन मेला के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि कौशल विकास एवं रोजगार और स्वरोजगार सुनिश्चित करने हेतु सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के 18-35 वर्ष के युवाओं को, जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाये, उन्हें विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया कराया जाता है। डीडीजी-केवाई के तहत गढ़वा के लगभग 3568 युवाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेन्ट, फील्ड तकनिशियन, वेयर हाउस पैकर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव जैसे ट्रेड में प्रशिक्षित किया गया है। लगभग 2500 प्रशिक्षित युवा देश के विभिन्न कंपनी में कार्य कर रहें हैं। अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवाओं के समक्ष बेरोजगारी की भी एक बहुत बड़ी समस्या है। उक्त मौके पर डीडीयू-केवाइजी से प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने वाले युवाओं यथा- मुकेश कुमार, सौरभ कुमार, विकास कुमार, उत्कर्ष कुमार और चंदन प्रसाद गुप्ता को कंपनी में काम करने के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया गया। साथ ही लोगों को रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जेएसएलपीएस के विभिन्न पदाधिकारियों और कर्मियों को भी सम्मानित करने का कार्य किया गया। समाचार लिखे जाने तक निलाम्बर पीताम्बर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन, टाउन हॉल, गढ़वा में चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पलाश (जेएसएलपीएस) गढ़वा के द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला में कुल 895 इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा रेजिस्ट्रेशन किया गया। कुल 483 लोगों को विभिन्न कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किया गया और 188 लोगों को विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया।

## धर्म रक्षा वाहिनी ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धर्म रक्षा वाहिनी का एक प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वाहिनी ने अपने आवेदन में कहा कि जिले में निरंतर हो रही गौवंशीय पशुओं की तस्करी, गौबद्ध और विभिन्न रूपों में गौ मांस की धड़ल्ले से हो रही बिक्री पर अविलंब रोक लगाई जाये। गढवा शहरी क्षेत्र में चौक-चौराहों, बस स्टैंड, विद्यालयों के नजदीक एवं सब्जी बाजार में संचालित हो रहे मीट, मुर्गा, मछली, मांस, अण्डा की दुकानों को तुरंत बंद कराई जाये। इन दुकानों को भीड़ वाले इलाके से दूर बाजार (मार्केट) बनाकर वहां स्थानांतरित किया जाये। कृष्ण गौशाला की रैयती भूमि पर नगर परिषद द्वारा पुलिस बल का प्रयोग कर अवैध तरीके से जबरन बस स्टैंड एवं मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर लिया गया है। गौशाला की शेष बचे भूमि पर नगर परिषद द्वारा गिद्ध दृष्टि बनाये रखने के कारण अब खाता-62 प्लौट-705, 706 एवं 708 जो गौशाला की रैयती भूमि है, पर नगर परिषद गढ़वा का कार्यालय बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। जिसपर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये। गढ़वा नगर परिषद अंतर्गत उंचरी वार्ड नंबर-2 में अवस्थित खाता-62 प्लौट-457 रकबा 1.31 एकड़ भूमि के एक बड़े हिस्से पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीके से जमाबंदी करा लिया गया है। जिसे तत्काल प्रभाव से रद्द कर उक्त श्मशान भूमि की चहारदीवारी कराई जाये। श्मशान घाट की भूमि पर गौ मांस एवं गाय की हड्डीयां फेंकी जाती है। जिसपर अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश ज्ञापांक-294 दिनांक- 19/05/2023 के द्वारा उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार की हड्डी, मांस आदि फेंकने पर रोक लगाई गयी थी, लेकिन अभी भी पूर्व की ही स्थिती बनी हुई है।

## कन्या विवाह सोसाइटी ने नव दंपतियों से गृहस्थ सामग्री लेने की अपील की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह का सफल समापन हो गया। विवाह के बाद कुछ लाभार्थियों ने अब तक गृहस्थ सामग्री प्राप्त नहीं की है। ऐसे लोग संस्था के कार्यालय या संस्था के सदस्यों से संपर्क कर अपना सामान ले सकते हैं। संस्था के सदस्यों ने बताया कि शादी संपन्न होने के बाद से लगातार लोग अपनी सामग्री ले जा रहे हैं, और जो लोग स्वयं नहीं आ पा रहे, उनकी सामग्री उनके घर तक पहुंचाई जा रही है। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व संस्था को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने भ्रामक जानकारी फैलाने वालों से अपील की कि वे संस्था की छवि खराब न करें और संस्था द्वारा किये गये कार्यों पर भरोसा बनाये रखें। साथ ही उन्होंने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। यदि कोई व्यक्ति संस्था के नाम पर किसी भी चीज के बदले पैसे की मांग करता है या किसी प्रकार का प्रलोभन देकर वसूली करने का प्रयास करता है, तो तुरंत संस्था के सदस्यों या पदाधिकारियों से संपर्क कर इसकी जानकारी प्राप्त करें।

## गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने रमकंडा में सड़क निर्माण की मांग की

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं झारखंड विधानसभा की सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति सत्येंद्र नाथ तिवारी ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में सरकार से रमकंडा प्रखंड के चार सड़कों को अविलंब निर्माण करने की मांग की है। विधायक तिवारी ने कहा कि रमकंडा प्रखंड के उदयपुर से मस्जिद होते हुए हड़बडिया नदी तक पांच किलोमीटर सड़क, उदयपुर के ठूराई भुइहर के घर से अर्जुन कुआं तक दो किलोमीटर सड़क, ग्राम बलीगढ़ मुख्य पथ से वैदेशी टोला तक छह किलोमीटर सड़क और ग्राम बलीगढ़ मुख्य पथ से तेतरडीह बस्ती तक ढाई किलोमीटर सड़क निर्माण की मांग किया। सरकार से कहा कि उक्त सड़क का निर्माण जनहित में अति आवश्यक है ताकि हजारों हजार लोगों को आवागमन में सुविधा हो।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 151 कलश के साथ निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर चार ग्राम गाहिडी में नवनिर्मित शिव मंदिर में 26 फरवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा और रुद्राभिषेक को लेकर 151 कलश के साथ निकाली गयी शोभायात्रा। शोभायात्रा का नेतृत्व लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंत श्री श्री 1008 श्री भास्कर दास उर्फ भरत कुशवाहा, राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास ने किया। शोभायात्रा 151 कलश के साथ गहीडी शिव मंदिर परिसर से सैकड़ो श्रद्धालुओं निकालकर बैंड बाजे गाजे के साथ गढ़होटा, बूढ़ीखांड होते हुए हनुमान मंदिर के समीप कोयल नदी संगम घाट पर पहुंचे। जहां पर विद्वान पंडित दामोदर पाठक के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण किया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने अपने-अपने पवित्र कलश में जल भरा। बताते चले की शिव मंदिर कमेटी के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को बताया गया कि शोभा यात्रा के उपरांत रात्रि 8:00 बजे से श्रीहरि कीर्तन, गीत, संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## शिव परिवार की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सिंदुरिया पंचायत के पाठक मुहल्ला में नवनिर्मित शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन को लेकर महाशिवरात्रि को मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या पर मंगलवार को शिवलिंग के साथ शिवगण और शिव परिवार की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराई गयी। यज्ञाचार्य द्वारा यज्ञ मंडप परिसर में देवस्थापन के बाद सुसज्जित वाहन पर सुशोभित शिवलिंग और शिवगण प्रतिमा नगर प्रदक्षिणा के लिए निकली। शोभा यात्रा सह नगर भ्रमण में श्रद्वालु हर हर महादेव, जय श्रीराम का उद्घघोष करते हुए और डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूणार्हुति, मंडप विसर्जन और महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा।

## चोरी गये ट्रैक्टर को एक साल बाद पुलिस ने किया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** थाना पुलिस ने 24 दिसंबर 2023 को चोरी हुआ ट्रैक्टर को बरामद किया है। इस मामले में चोरी का ट्रैक्टर का उपयोग करने वाला चेतना के मुन्ना खान को धर पकड़ के लिए पुलिस करवाई कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि करीब एक साल पहले थाना क्षेत्र से चोरी हुआ ट्रैक्टर गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के चेतना में चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ पहुंचा तो पुलिस को देखते ही ड्राईवर गाड़ी छोड़ कर भाग गया। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर 2023 को थाना में महिंद्रा ट्रैक्टर नं जेएच 14 सी 2985 को चोरी होने का ट्रैक्टर मालिक संजय पांडेय द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। चोरी का ट्रैक्टर चेतना गांव निवासी मुन्ना खान के द्वारा उपयोग किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मुन्ना खान बालू कारोबार में संलिप्त रहा है। जिसके ऊपर दूसरे थाना में बालू कारोबार के साथ-साथ कई अन्य आपराधिक मामला दर्ज है। इधर ट्रैक्टर बरामदगी के बाद से मुन्ना खान मोबाइल बंद करके घर से फरार है।

## विधायक ने डंडई प्रखंड से चिनिया को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की मांग उठायी



**डंडई (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव ने मंगलवार को विधानसभा में शून्य काल के दौरान डंडई प्रखंड से चिनिया को जोड़ने वाली लवाही गांव से पचौर होते चिनिया तक पीडब्ल्यूडी से पथ निर्माण कार्य कराने की मांग किया है। इस सड़क के निर्माण हो जाने से डंडई और चिनिया की दूरी महज 10 किलोमीटर हो जायेगी। विधायक ने कहा कि लवाही से चिनिया को जोड़ने वाली सड़क कि स्थिति अत्यंत ही खराब है। जिससे ग्रामीणों को यात्रा में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चिनिया पहाड़ी में सड़क के कई जगहों पर जानलेवा मोड़ व सड़क काफी संकीर्ण है। जिससे हमेशा दुर्घटना होने की भय बनी रहती है। विधायक ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि इस सड़क को पीडब्ल्यूडी विभाग से शीघ्र सड़क निर्माण कराया जाये ताकि क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए सदन में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। लवाही से चिनिया सड़क निर्माण का मामला सदन में उठाए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने विधायक अनंत प्रताप देव का काफी सराहना किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मुद्दे पर सरकार को तत्काल संज्ञान म लेकर सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान करना चाहिए। सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण पिछले कई वर्षो से मांग करते आ रहे हैं। विधायक को सदन में आवाज उठाए जाने से सड़क निर्माण की आस जग गयी है।


## इस सप्ताह 'कॉफी विद एसडीएम' में रोड एक्सीडेंट के पीड़ित परिवार को आमंत्रित किया गया




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम में इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत सड़क दुर्घटना में शिकार हुए लोगों के परिजनों को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम हर सप्ताह बुधवार को आयोजित होता है, किंतु इस बुधवार महाशिवरात्रि का अवकाश होने के चलते अब यह कार्यक्रम गुरुवार 27 फरवरी को 11:00 से 12:00 के बीच होगा। संजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र के कई परिवार ऐसे हैं जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के चलते अपने परिजनों को असमय खोया है। सड़क दुर्घटना के शिकार हुये लोगों के परिजनों/ आश्रितों को नियमानुसार सहायता मिली या नहीं, सहायता पाने की क्या प्रक्रिया है, परिवार के सामने क्या दिक्कत है और उन्हें प्रशासन से क्या अपेक्षाएं हैं जैसे सभी मुद्दों को लेकर ही परिजनों को कॉपी पर आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपनी निजी समस्याओं और शिकायतों को इस अनौपचारिक प्लेटफार्म के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचा सकें। साथ ही वे चाहें तो इस दौरान अपने क्षेत्र की बेहतरी या स्थानीय सड़क सुरक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर अपने सुझाव भी दे सकते हैं, उनके व्यवहारिक सुझावों को अमल में लाने का प्रयास किया जायेगा। बताया कि इस सप्ताह के कार्यक्रम में परिवहन विभाग और सड़क सुरक्षा से संबंधित पदाधिकारियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि संबंधित सरकारी योजनाओं के बारे में आमंत्रित समूह को विस्तार से बताया जा सके।

## महाशिवरात्रि पर हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की होती है भीड़

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांडी प्रखंड के मझिगावां पंचायत स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है। पिछले 10 वर्षों से यहां इस दिन पूजा-अर्चना के साथ-साथ विशाल मेला आयोजित किया जाता है, जो हर वर्ष श्रद्धा और आस्था के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। मंदिर कमेटी द्वारा इस वर्ष भी शिवरात्रि की पूजा के लिए व्यापक तैयारियां की गयी। मंदिर परिसर की सफाई, मेला स्थल पर दुकानों के लिए स्थानों का निर्धारण, और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का ध्यान रखा गया। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना और खरीदारी में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी। मंदिर के महंत रामधारी चौबे ने कहा कि इस साल भी शिवरात्रि पूजा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जायेगा। मंदिर की सफाई और व्यवस्था में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष समेश यादव, उपसचिव शिवनारायण यादव, उपकोषाध्यक्ष उमापति प्रसाद गुप्ता और कमिटी के मंत्री शंभू नाथ शाह समेत कई भक्तगण मौजूद थे। यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए एक धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व के रूप में हर वर्ष विशेष महत्व रखता है।

## कीर्तन शेड निर्माण में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने किया विरोध



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के जरिया गांव स्थित बटेश्वर धाम शिव मंदिर परिसर में निर्मित कीर्तन शेड निर्माण में अनियमितता को लेकर समिति कर रहे हैं विरोध। नहीं किया गया अभी तक हैंडओवर। मिली जानकारी के अनुसार कीर्तन शेड का निर्माण पूर्व संसद सुदर्शन भगत लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मद से कार्यकारी एजेंसी जिला परिषद गुमला के द्वारा 10.77 लाख रुपये से निर्माण किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया की इस शेड निर्माण में अनियमितता बरती गयी है जिसके चलते शेड फर्श फट रहा है। साथ ही दीवारों के कुछ हिस्से टूट रहे हैं कार्यकारी एजेंसी के द्वारा आज तक कोई अधिकारी इसकी गुणवत्ता की जांच के लिए नही आये। समिति सदस्य ने इस निर्माण कार्य में राशि की बंदरबांट किये जाने का आरोप लगा रहे हैं और इस निर्मित कीर्तन शेड का जांच कर उचित कार्यवाई की मांग कर रहे हैं। जांच की मांग को लेकर समिति की सदस्यों ने बैठक किया जिसमे तुला सिंह, संदीप गुप्ता,नागेश्वर सिंह, कार्तिक सिंह, मंटू सिंह, अश्विनी नाग समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बीआरसी कार्यालय में क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी कार्यालय में मंगलवार को कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता के तहत प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में विभिन्न सरकारी स्कूल के 24 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। बीपीओ सूरज लकड़ा, बीआरपी समीम एजाज एवं साइंस टीचर राजेश प्रसाद ने बच्चो से विज्ञान एवं आविष्कार पर प्रश्न पूछे। जिसमें 10 छात्र छात्राएं चयनित हुए। उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जायेगा ।इधर प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्र छात्राओं को बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर रिसोर्स टीचर विरेंद्र कुमार, अर्जुन केशरी, फुलेश्वरी कुमारी, शंभू केशरी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे

## चेचेपाठ में नाबालिग ने लगायी फांसी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चेचेपाठ गांव में 7 वर्ष के नाबालिक समीर भगत ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक के चचेरे भाई आकाश भगत ने बताया कि गांव में बड़ा मेहमानी का कार्यक्रम हो रहा था, सभी शादी समारोह में व्यस्त थे। कुछ देर बाद दादी ने घर आकर देखा तो घर के आंगन में कपड़ा पसारने वाले तार में कपड़ा के सहारे फंदा में झूल रहा था। आनन फानन में फंदे उतार कर घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां शिक्षकों ने मृत घोषित कर दिया। साथ ही उसने यह भी बताया कि मृतक अपनी दादी के साथ घर में रहता था। माता पिता दोनों दूसरे प्रदेश कमाने के लिए चले गए है। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा शव को कब्जे में कर लिया गया है पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा। छोटा बच्चा का फांसी लगा कर आत्महत्या करना इस पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर निकली कलश यात्रा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सिरकोट गांव में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे गांव में भक्ति का माहौल देखने को मिला ।कलश यात्रा की शुरूआत सिरकोट टंगरा स्थित शिव मंदिर परिसर से शुरू हुई। जिसमें महिलाएं बच्चियों ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर विभिन्न चौक चौराहे होते हुए गगनभेदी जयकारों के साथ बनियाडीह ग्राम स्थित तालाब पहुंचे। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्र उच्चार के साथ कलश में जल भरी करायी गयी। इसके उपरांत पुनः कलश यात्रा शिव मंदिर पहुंचा। जहां भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। पूजा समिति के कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि कलश यात्रा के बाद आज पूजन पाठ वही आगामी 26 फरवरी शिवरात्रि के दिन प्रातः पूजन आरती के उपरांत नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मंदिर परिसर के समक्ष किया जाएगा। वहीं अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। मौके पर धनकुंवर साहू, कृष्ण मोहन सिंह, रोहित साहू, रामविलास साहू, राहुल सिंह, मनोहर सिंह, सूरज लाल साहू सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

# भ्रष्टाचार के आरोपी लिपिक की कामडारा से हुई छुट्टी

## कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर रहे हैं अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** सरकारी पदाधिकारी या कर्मचारी चोर हो, घूसखोर हो, अवैध वसूली करने वाला हो या भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ हो, आखिर वो तो सरकारी आदमी है न। उस पर कारवाई नहीं होगी। एसडीओ हों या उपायुक्त आखिर ये भी तो सरकारी लोग हैं न। सरकारी लोग तो सरकारी लोगों को बचा ही लेंगे। चाहे जनता या जनप्रतिनिधि चीखते चिल्लाते रहें। ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने मौजूद हैं। फिलहाल कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में प्रतिनियुक्त पर तैनात विवादों से घिरे लिपिक अतुल राज पौराणिक की बात ही ले लीजिए। हर छोटे बड़े काम बिना चढ़ावे के इनके पास से नहीं हुआ करता था। ये बात जब जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में आई और अखबारों की सुर्खी बन गई फिर भी उपायुक्त से लेकर एसडीओ तक कोई कारवाई नहीं हुई। जब लिखित शिकायत सभी पदाधिकारियों को दिया गया और जिला प्रशासन पर अतिरिक्त दबाव बढ़ने लगा तब कहीं जा कर मामले की सत्यता को जानने के लिए जांच कमेटी बनाई गई। जांच रिपोर्ट में मामले को सच पाने की बात आई। इतना वावेला मचाने के बाद क्या निष्कर्ष निकला, वही ढाक के तीन पात। इस प्रकरण में लिपिक अतुल राज की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुये उसे अपने मूल पदस्थापन संस्थान रेफरल अस्पताल बसिया भेज दिया गया।



जांच अवधि का फाइल फोटो।

**सीएस ने मूल पदस्थापन संस्थान में ज्वाइन करा कर की खानापूर्ति**

उक्त आशय का पत्र सीएस गुमला डॉ. नवल कुमार ने अपने पत्रांक 563 दिनांक 20 फरवरी 2025 के आलोक में निर्गत किया है। निर्गत किये पत्र के अनुसार सीएस ने प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा गुमला के पत्रांक 237(८) गोपनीय दिनांक 28 जनवरी 2025 के आलोक में लिपिक अतुल की प्रतिनियुक्ति कामडारा सीएचसी से समाप्त करते हुए मूल पदस्थापन संस्थान रेफरल अस्पताल बसिया में योगदान हेतू विरमित किया है। लिपिक अपना संपूर्ण प्रभार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सीएचसी कामडारा के निदेर्शानुसार प्रभार सौंप कर अपने मूल पदस्थापन संस्थान में योगदान देकर कार्य संपादित करना सुनिश्चित करेंगे।

**परेशान ग्रामीण सीएचसी कर्मी और जनप्रतिनिधियों ने लिपिक अतुल के विरूद्ध खोला मोर्चा**

गौरतलब है कि प्रतिनियुक्ति पर आये लिपिक अतुल के विरूद्ध ग्रामीण व सीएचसी के कर्मी मोर्चा खोल पुरे मामले से पूर्व में ही सीएस व उपायुक्त को अवगत कराया था। इसके बाद जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर गरीबों से अवैध रूप्ये की वसूली का मामला सुर्खियों में था।और जिप सदस्य दीपक कंडुलना ने उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी को लिखित आवेदन सौंप कारवाई की मांग रखी थी।उपायुक्त के निर्देश पर जांच टीम में बसिया एसडीओ जयवंती देवगम और कामडारा सीओ सुप्रिया एक्का ने सभी बिन्दुओं पर गहनता के साथ जांच - पड़ताल किये थे।और एसडीओ के द्वारा अग्रेत्तर कारवाई के लिए जांच रिपोर्ट उपायुक्त गुमला को सौंपी गई थी।पुरे मामले पर यदि गौर किया जाये तो अतुल के खिलाफ कारवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की गई है।

**अगर लिपिक की गलती नही तो ट्रांसफर क्यो**

इस पूरे मामले की जांच एसडीएम बसिया के नेतृत्व में की गई और जांच में यह मामला कही न कही सत्य भी पाते हुए एसडीएम द्वारा केवल कार्रवाई के नाम पर अन्यंत्र ट्रांसफर की अनुशंसा की गयी। तो जिला समेत अनुमंडल के हाकिमों से सवाल। है कि अगर लिपिक की कोई गलती नही था तो ट्रांसफर की अनुशंसा क्यो ओर अगर गलती थी तो कारवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति क्यो। इससे यह तो कन्फर्म हो गया कि गुमला जिला में भ्रष्टाचार कीजिये और मौज में रहिए, गाहे बगाहे अगर कोई शिकायत जांच हो भी जाये तो कारवाई के नाम पर महज खानापूर्ति ही होना है।

### लिपिक को निलंबन करना चाहिये: जिप सदस्य

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** सीएचसी कामडारा के लिपिक अतुल की प्रतिनियुक्ति सीएचसी कामडारा से समाप्त कर मूल संस्थान भेजना यह महज कारवाई के नाम पर खानापूर्ति की गयी है। ऐसा जिप सदस्य दीपक कंडुलना का कहना है।अतुल के कारनामे और कार्यशैली के विरूद्ध लिपिक को निलंबन करना चाहिये था।या फिर दुरस्थ प्रखंड में पदस्थापना करना चाहिये था।आगे जिप सदस्य ने कहा कि लिपिक पर सीएस कार्यालय मेहरबान है।यहीं से रिमोंट कंट्रोल की चाबी है।जिसके कारण लिपिक अपनी पहुंच व पैरवी के कारण मनमानी करने पर बाज नहीं आते हैं।इसलिए जिला प्रशासन को चाहिए के जिला में बैठ कर संरक्षण देने वालों को भी चिन्हित कर कारवाई करने की आवश्यकता है।बहरहाल मामला जो भी हो पर कामडारा सीएचसी से लिपिक की प्रतिनियुक्ति समाप्त होने से सीएचसी कर्मियों में खुशी व्याप्त है।

# जब भी बाहर कमाने जायें सरकार के चैनल सिस्टम से जायें : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** मंगलवार को कुडोछतरपुर पंचायत सचिवालय में जिला बाल संरक्षण ईकाई, जिला बाल कल्याण समिति, आहतु व सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय जागरुकता सह योजना लिंकेज कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पांच पंचायत कुडोछतरपुर, कांसीर, उपरखटंगा, जरजट्टा व सुरसांग पंचायत के 90 अनाथ एवं एकल अभिभावक वाले बच्चे व अभिभावकों ने भाग लिया। इस कैंप में सरकारी स्पोंसरशीप योजना, फोस्टर केयर योजना व आफ्टर केयर योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन लिया गया। थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने मानव तस्करी में चर्चा करते हुए कहा की यदि आप कहीं बाहर कमाने के लिए जाते हैं तो सरकार के चैनल सिस्टम से जाये एक दूसरे को जानकारी देकर जाये इससे लोगों को लाभ दिलाने में आसानी हो सके। वहीं बाल विवाह में चर्चा करते हुए कहां की जब तक लड़की की उम्र 18 वर्ष नहीं हो जाता तब तक उसकी विवाह ना करें ये कानूनन अपराध है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल संरक्षण ईकाई के पदाधिकारी अमर कुमार, सीडब्लूडब्लूसी की अध्यक्ष कृपा खेस और रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह मौजूद थे।



## मवेशी लदे सूमो ने मारा एएसआइ को धक्का

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना के मुख्य द्वार में वाहन जांच कर रहे एएसआई संतोष रवानी को अज्ञात वाहन ने धक्का मार कर मंगलवार की भोर में 3 बजे फरार हो गया। घायल संतोष को इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि रात्रि में थाना के सामने पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। तभी एक मवैसी लदा सूमो वाहन थाना के सामने पहुंचा और अपना गाड़ी रोक दिया। सूमो वाहन के तुरंत पहले एक बस की जांच की जा रही थी जैसे ही बस जांच के उपरांत आगे बढ़ने लगा। अचानक ही सूमो वाहन का चालक तेजी से ब्रैकेडीग को तोड़ते हुए लोहरदगा की तरफ भाग गया। इस दौरान जांच में मौजूद एएसआई संतोष रबानी के पैर में गंभीर चोट आई है। थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एक अज्ञात सूमो वाहन के द्वारा ब्रैकेटिंग को धक्का मारा गया ब्रेकिंटीग से पुलिस अधिकारी को चोट लगी है। जिसको इलाज के लिए गुमला भेजा गया है।

## नहीं रहे भाजपा नेता और समाजसेवी ओम प्रकाश गोयल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष , प्रसिद्ध समाजसेवी ओम प्रकाश गोयल के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका निधन 24 फरवरी को हुआ। उनका अंतिम संस्कार एसएस हाई स्कूल रोड में स्थित उनके पैतृक आवास से निकल कर पालकोट रोड स्थित मुक्तिधाम में की गयी। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश गोयल के निधन पर विभिन्न समुदाय और संगठनों में शोक व्याप्त है। चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। कहा है कि धार्मिक-सामाजिक कार्यो में अभिरूचि रखने वाले गोयल का व्यक्तित्व काफी विशाल था। निश्चित गुमला ने अपने अभिभावक को खो दिया।


**समाहरणालय, कोडरमा**
(जिला पर्यटन कार्यालय)
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com
**Expression of Interest (EOI)**

कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ के समीप पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु Floating Jetty Project का विकास किया जाना है। इस निमित इच्छूक एजेन्सी से Expression of Interest (EOI) आमंत्रित की जाती है।

EOI का विवरण निम्नवत् है :–

| S.No | Information/ Subject | Details |
|---|---|---|
| 01 | Name of Work | Floating Jetty Project, Near Koderma Adventure Park, Telaiya Dam, Urwan in Chandwara Block, Koderma district. |
| 02 | Date of publication of EOI | 25-02-2025 |
| 03 | EOI Fee | DD Of Rs. 5000 in favour of District Tourism Officer, Koderma |
| 04 | Earnest Money | DD Of Rs 1,00,000 in favour of District Tourism Officer, Koderma |
| 05 | Last date & Time for BID submission | 19-03-2025 till 12:30 PM |
| 06 | BID submission place | District Collectorate, Koderma. |
| 07 | Date & Time for BID opening | 19-03-2025, 03:00 PM |
| 08 | Technical Solution Presentation & Evaluation | 19-03-2025, 03:00 PM |
| 09 | Opening of Financial Bids and finalevaluation | 19-03-2025, 03:00 PM |
| 10 | BID opening place | District Collectorate Meeting Hall, Koderma. |

नोट– निविदा से संबंधित नियम/शर्ते एवं Specification आदि कोडरमा जिला के वेबसाईट www.Koderma.nic.in. पर देखा जा सकता है।

PR 347204 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)D

जिला पर्यटन पदाधिकारी, कोडरमा।



Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no:113 dated:25.05.2025

CORRIGENDUM

Tender Ref.no.: JIIDCO/25/2024-25 Date: 17.02.2025

| Sl.No. | Advertisement PR No. | Status | Reason |
|---|---|---|---|
| 01 | 346623 | Tender Cancelled | Administrative Reason. |

Sd/-
Executive Engineer JIIDCO, Ranchi

PR.NO.347203 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(24-25):D



**समाहरणालय, लातेहार**
(जिला भू-अर्जन शाखा)

–:इच्छा की अभिव्यक्ति:–

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यव स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 एवं झारखण्ड भू–अर्जन नियमावली 2015 के नियम 6 के आलोक में जिला लातेहार अन्तर्गत **परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन, अंचल–बालुमाथ** में सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–619/नि0रा0 दिनांक–24.08.2022 के द्वारा चिन्हित S.I.A.इकाईयों को सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना का S.I.A. व्यय प्राक्कलन, कार्य अनुभव सहित बंद लिफाफा में दिनांक–05.03.2025 को समय–05:00 बजे शाम तक **जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहार पिनकोड़–829206 (झारखण्ड)** में आमंत्रित किया जाता है। जिसे दिनांक–10.03.2025 को समय–11.00 बजे अपराहन/पूर्वाहन में उपायुक्त, लातेहार के समक्ष बंद लिफाफा खोला जायेगा।न्यूनतम व्यय प्राक्कलन पाये जाने पर S.I.A.करने हेतु कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

राजस्व भूमि संबंधी विवरणी

| क्र0सं0 | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना सं0 | रकबा (एकड़ में) | टिप्पणियॉ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बालूमाथ | सेमरसोत | 207 | 35.03 | |
| 2. | बालूमाथ | हेमपुर | 208 | 215.83 | |
| 3. | बालूमाथ | चितरपुर | 210 | 44.28 | |
| 4. | बालूमाथ | नवाडीह | 211 | 193.27 | |
| 5. | बालूमाथ | धादु | 212 | 87.60 | |
| 6. | बालूमाथ | भैसादोन | 213 | 277.56 | |
| कुल योग– | | | | 853.57 | |

कुल रकबा–345.441हेक्टेयर (लगभग)

PR 347172 Land Reforms(24-25).D उपायुक्त, लातेहार



**कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार**

**बन्दोबस्ती आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती **वर्ष 2025–26 (01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक)** के लिये खुली डाक बोली द्वारा दिनांक– **11.03.2025** को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक **12.03.2025** एवं दिनांक– **17.03.2025** को 12:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | पूर्व की बन्दोबस्त राशिकी राशि | वर्ष 2025–26 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बानपुर सप्ताहिक मंगलवार बाजार, लातेहार **(प्रत्येक वर्ष पड़ने वाले महाशिवरात्री मेला के 03 मंगलवार को छोडकर)** | 1754200.00 | 2017330.00 | 201800.00 | 5000.00 |
| 02 | गुरूवार सप्ताहीक बाजार डुरूआ | 178400.00 | 178400.00 | 17900.00 | 1000.00 |
| 03 | कानी हाउस, लातेहार | 9500.00 | 9500.00 | 950.00 | 1000.00 |
| 04 | मुख्य सब्जी बाजार, धर्मपुर | 569650.00 | 569650.00 | 57000.00 | 1000.00 |
| 05 | नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत चलने वाले रिक्सा, साईकिल एवं ठेला पर कर निर्धारण (टोकन लगाने) हेतु डांक। | 10778.00 | 10778.00 | 1100.00 | 1000.00 |
| 06 | कन्या मध्य विद्यालय, लातेहार के चाहर दिवारी के बगल में चयनित दो पहीया एवं चार पहीया पार्किंग स्थल हेतु डांक। | 266110.00 | 266110.00 | 26700.00 | 1000.00 |

नोट 1 छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , न्यूनतम डाक की राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।

2 कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार

PR 347200 Urban Development(24-25)#D


## स्पोर्ट्स



नयी प्रशासनिक सुविधा झारसुगुड़ा के खेल समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बेहतर बुनियादी ढांचे और परिचालन दक्षता के साथ, अब हम अपनी गतिविधियों को सुव्यवस्थित कर सकते हैं।

# वेदांता एल्युमीनियम ने जिला एथलेटिक एसोसिएशन की नयी प्रशासनिक सुविधा के निर्माण में मदद की

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा/ ओड़िशा।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने जिला एथलेटिक एसोसिएशन, झारसुगुड़ा के लिए एक आधुनिक प्रशासनिक सुविधा के विकास में सहयोग किया है, जिससे क्षेत्र में खेल और एथलेटिक प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को बल मिला है। इस पहल के एक हिस्से के रूप में, कंपनी ने इमारत के विकास के लिए 50 लाख रुपये का योगदान दिया, जिससे जिले की खेल आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक सुसज्जित स्थान का निर्माण सुनिश्चित हुआ।




उद्घाटन समारोह में ओडिशा सरकार के राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी, झारसुगुड़ा की दूसरी बटालियन के ओएसएपी के कमांडेंट दुर्गपति प्रसाद तमांग और जिला खेल उपाध्यक्ष विजय दास सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आवश्यक बुनियादी ढांचे और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और प्रतिभा विकास पहलों की योजना और क्रियान्वयन को बढ़ाते हुए संघ के कुशल कामकाज का समर्थन करेगा। समर्थन प्रदान करके, वेदांता एल्युमीनियम का लक्ष्य झारसुगुड़ा के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है, जिससे युवा एथलीट अपने कौशल को निखार सकें और राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकें।

पहल पर बोलते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी, सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, हम समुदायों को प्रेरित करने और उत्थान करने के लिए खेलों की शक्ति में विश्वास करते हैं। जिला एथलेटिक संघ के लिए नया प्रशासनिक भवन झारसुगुड़ा में स्थानीय प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए एक संरचित और अच्छी तरह से सुसज्जित वातावरण प्रदान करेगा। हम जिले की खेल आकांक्षाओं का समर्थन करने और हमारे समुदायों के समग्र विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पहल के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए, ओडिशा सरकार के राजस्व मंत्री, सुरेश पुजारी ने कहा कि यह नयी प्रशासनिक सुविधा झारसुगुड़ा के खेल समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बेहतर बुनियादी ढांचे और परिचालन दक्षता के साथ, अब हम अपनी गतिविधियों को सुव्यवस्थित कर सकते हैं और स्थानीय एथलीटों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। मैं क्षेत्र में खेल विकास को बढ़ावा देने में उनके निरंतर समर्थन के लिए वेदांता एल्युमीनियम को धन्यवाद देता हूं।

वेदांता एल्युमीनियम ओडिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्थायी आजीविका, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने वाली समुदाय-केंद्रित पहलों में सबसे आगे रहा है। जमीनी स्तर पर खेल विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता ने युवा प्रतिभाओं को बेहतर अवसर प्रदान किए हैं, जिससे क्षेत्र में एक जीवंत और प्रतिस्पर्धी खेल संस्कृति को बढ़ावा मिला है।

वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का निर्माण किया। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जिनका मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग पाया जाता है। एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 विश्व रैंकिंग में वेदांता एल्युमीनियम दूसरे स्थान पर है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है।


नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय ।
नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय तस्मै न काराय नमः शिवाय ॥
महा शिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
॥ एक शुभचिंतक ॥
रांची
God Mahadev Give Blessing to You and Your Family.

# असुरक्षित ब्लास्टिंग का निदान जल्द हो : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा में कोयलांचल के सबसे बड़े मुद्दे खनन क्षेत्र में हो रहे असुरक्षित तरीके से ब्लास्टिंग और इससे ग्रामीण एवं मजदूरों के हो रहे नुकसान के मामले को सदन में जोरदार तरीके से उठाया। इसकी गंभीरता पूर्वक जांच करने की मांग भी की। विस्फोटक पदार्थ से विस्फोट कर खनन कार्य चलते हैं। सीसीएल एवं बीसीसीएल के आंकड़ों से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराते हुए कहा कि, इस पूरे प्रक्रिया में घोर धांधली हो रही है और अनीमितता बरती जा रही है। इस मामले में ग्रामीण एवं कोयला मजदूरों के बड़े पैमाने पे हो रहे शोषण की बात बताई एवम शोषण से उन्हें अविलंब निजात दिलाने की मांग की। इसके रोक की अविलंब मांग करते हुए विधानसभा सदस्यों की समिति बनाकर जहां-जहां भी इस प्रकार के खनन कार्य चल रहे हैं इसकी गंभीरता पूर्वक जांच कराये जाने की मांग की। साथ ही अवैध ब्लास्टिंग से प्रभावितों को मुआवजा मिला कि नहीं इसकी विस्तृत जांच की बात भी सिन्हा ने कही। इस जांच के लिए समिति बनाने की अविलंब मांग की।

**सभी प्रभावितों को चिन्हीत कर मुआवजा दिये जाने की मांग की**

साथ ही विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान स्टील गेट में हो रहे, जाम की समस्या का अविलंब निराकरण किये जाने की मांग की। जाम को दूर करने के लिए वहां भी सड़क का चौड़ीकरण कर निर्माण किये जाने की मांग की। इस संबंध में विधानसभा में धनबाद शहर के स्टील गेट के सामने 500 फीट रोड पर निर्माण को छोड़ दिये जाने की बात भी बताई। सिन्हा ने कहा कि उक्त स्थल पर मुख्य सड़क बॉटल नेक की तरह हो गया है, जिसके कारण धनबाद वासियों, राहगीरों को प्रतिदिन भयंकर जाम से होने वाली समस्या से गुजरना पड़ता है। बचे हुए 500 फीट फोरलेन रोड का भी चौड़ीकरण अविलंब किये जाने की मांग की।

# जेजेए ने वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन इकाई की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षक को विज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग कि गयी कि पिछले दिनों आजाद सिपाही के पत्रकार सह संगठन सदस्य पर कुछ शराब माफियाओं के द्वारा हमला कर दिया गया था। जिसकी लिखित शिकायत सरायढेला थाना में दि गयी थी, और इस मामले में एफआइआर भी दर्ज किया गया था। परंतु आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्हें यथाशीघ गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई किया जाये। वरिय पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद जिला अध्यक्ष मनीष कुमार झा ने कहा कि काफी सकारात्मक बातें रही, वरिय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यथाशीघ्र दोषियों पर कार्रवाई किया जायेगा। वहीं अनेक पत्रकारों का शिकायत रहा है कि पुलिस के यहां से पत्रकारों को दी जाने वाली सूचनाएं उन्हें नहीं मिलती है। जबकि अनेक पत्रकार राष्ट्रीय अखबार और राष्ट्रीय चैनल में काम करते हैं। वर्तमान में जिन्हें सूचना प्रदान किया जाता है उसमें से अनेक ऐसे हैं, जो सिर्फ यूट्यूब पर अपना समाचार चलाते हैं। उन्हें ना तो आरएनआइ है और ना तो चैनल चलाने का अधिकार। यदि यूट्यूबर को आमंत्रित नहीं करना है तो किसी भी यूट्यूब को नहीं करना चाहिए।

युटुबर सभी यूट्यूबर ही होते हैं, ऐसा नहीं है आगे पीछे करने वाला खास, और स्वाभिमान से रहने वाले आम होते हैं। इस तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि भेदभाव किया गया तो उच्च अधिकारियों तक शिकायत कि जायेगी, उससे भी बात नहीं बनी तो हम लोग धरना पर बैठेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव रुस्तम मियां, जिला कोषाध्यक्ष सुनील भंडारी, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, प्रखंड अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष सुमित बर्मन, प्रखंड महासचिव मोहम्मद फारूक, जिला मीडिया प्रभारी कार्तिक गोस्वामी, जिला सचिव लालन मालाकार , संजय कुमार, गुलवंत सलूजा, मुबारक अंसारी, सोनू कुमार, तपन मंडल, प्रखंड महासचिव उमेश विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, के अलावा अनेक सदस्य मौजूद थे।

# सात सूत्री मांगों को लेकर सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ का धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ के द्वारा मंगलवार को सात सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना आइआइटी आइएसएम के मुख्य गेट पर दिया गया। संघ के कार्यकर्ताओं ने जमीन पर बैठकर प्रबंधन के विरुद्ध अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में संघ के सैकड़ों सुरक्षा प्रहरी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरख राम ने एवं संचालन महामंत्री प्रभात कुमार सिंह ने किया। धरना को सफल करने के लिए भारतीय मजदूर संघ धनबाद जिला के अध्यक्ष सुनील कुमार, मंत्री धर्मजीत चौधरी और कई कार्यकर्ताओं ने अपना सहभागिता दिया। धरनार्थियों ने बताया कि धरना की पूर्व सूचना आईएसएम प्रबंधन, एसडीएम धनबाद को दी गयी थी। इसके बावजूद धरना स्थल पर आइआइटी प्रबंधन और स्थानीय पुलिस के द्वारा सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ के धरना को असफल करने का काफी प्रयास किया गया। प्रबंधन अगर सात सूत्री मांगों पर तुरंत विचार नहीं करती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। बताया गया कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय नेतृत्व के साथ मिलकर शीघ्र ही मंत्रालय में मंत्री से मिलने का समय लेगी और अपने समस्याओं को लेकर उनसे वार्ता करेगी।

# कमीशन के चक्कर में ग्रामीणों को पानी मिलना मुश्किल, धरना पर बैठे ग्रामीण



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** पिछले 15 दिनों से लोदना सहित आसपास के बीस हजार की आबादी को पीट वाटर का पानी नहीं मिल रहा है। कारण है कि लोदना एक नमंर चानक का मोटर जल गया है। बीते दिन लोदना कोलियरी प्रबंधन द्वारा एक अन्य मोटर लाकर चानक में लगाया गया, लेकिन वह चालू ही नहीं हो पाया। मंगलवार को आक्रोशित होकर जनता श्रमिक संघ के बैनर तले ग्रामीण कुजामा कोलियरी लोदना पहुंच गया। विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी कर दी। इस दौरान ग्रामीणों ने कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया। जनता श्रमिक संघ के क्षेत्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जो मोटर चानक में लगाया गया था, वहीं सही ढंग से मरम्मती नहीं हुई थी। जिसके कारण यह हाल हुआ है। ग्रामीणों ने यहां तक कहा कि कमीशन के चक्कर में मोटर का ये हाल हो रहा है। लोदना कोलियरी के एनएस लोदना, रक्षा काली धाम, खपड़ा धौडा, बाबु बासा, बच्चु सेंटर, इस्लामपुर, लोदना बाजार, लोदना चार नम्बर, मस्जिद पट्टी आदि क्षेत्रों में लोदना एक नंबर चानक से पाइपलाइन के द्वारा पीट वाटर 18 हजार की आबादी को मिलता था। अब यहां के रहने वाले ग्रामीण दूर दराज से पानी लाकर किसी तरह से गुजारा कर रहे हैं। नदी पार जोड़ियां का गंदा पानी से नहाने, कपड़ा धोने, बर्तन साफ सफाई आदि का काम कर रहे हैं।

# हर महिला को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना चाहिए : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुरुष और महिला को अपनी प्रतिभा निखारने का समान अवसर मिलना चाहिए। साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना चाहिए। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह किसी पर निर्भर नहीं रहेगी। यह बातें उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत पीसी एंड पीएनडीटी उंमुखीकरण कार्यशाला में बतौर मुख्या अतिथि कॉलेज की बीएड छात्राओं को संबोधित करते हुए कहीं। उपायुक्त ने बीएड छात्राओं से समाज की हर लड़की को उपरोक्त संदेश देकर उन्हें जागरूक करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा बेहतर समाज निर्माण के लिए लैंगिक समानता जरुरी है। इसके लिए कई ऐसे क्षेत्र है जहां ध्यान केंद्रित कर काम करना होगा। वहीं पीसी एंड पीएनडीटी पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि भ्रूण जांच और लिंग निर्धारण दंडनीय अपराध है। उन्होंने इसके नैतिक, तकनीकी और कानूनी पहलू पर विचार प्रकट किए। साथ ही छात्राओं से इसे जानने और समान रूप से इस पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

**कार्यशाला को जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष शारदा सिंह ने भी संबोधित किया।**

कार्यशाला में उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र ठाकुर, डॉ विकास राणा, श्रीमती पूजा रत्नाकर, श्रीमती निता सिन्हा कॉलेज की 150 से अधिक बीएड छात्राएं उपस्थित थी।

# 99.91 प्रतिशत अंक लाकर अपूर्वा मिश्रा ने नेट में पांचवां स्थान हासिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सीसीएल कथारा के पूर्व जीएम और सीएमपीडीआइ के पूर्व निदेशक केके मिश्रा की पुत्री अपूर्वा मिश्रा ने यूजीसी नेट की परीक्षा में देश भर में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। अपूर्वा को 99.916 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। अपूर्वा ने बीआइटी मेसरा से एमबीए की डिग्री ली है। उन्होंने सीएसइ, एसओए विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर से बीटेक किया है। अपूर्वा का विषय श्रम कल्याण/ कार्मिक प्रबंधन/ औद्योगिक संबंध/ श्रम और सामाजिक कल्याण/ मानव संसाधन प्रबंधन था। अपूर्वा अब जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर की परीक्षा देने के लिए अधिकृत हो गयी हैं। अपूर्वा की इस उपलब्धि से उसके माता-पिता उषा मिश्रा और केके मिश्रा खुश हैं।

# बिल्डर पर धोखाधड़ी करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें बाघमारा के मधुबन कोलियरी से आये व्यक्ति ने एक बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की। मामले पर संज्ञान लेकर एडीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी से दोनों पक्षों को बुलाकर उनका पक्ष सुनने का निर्देश दिया। गोविंदपुर के आसनबनी से आए लोगों ने आसनबनी-1 पंचायत में किये जा रहे मनरेगा कार्य में रोजगार सेवक द्वारा अनियमितता बरतने और पैसों की अवैध रूप से निकासी करने की शिकायत की। वहीं धनसार से आई महिला ने देवरा द्वारा अत्याचार करने, टुंडी के सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार करने, अंत्योदय योजना में नाम दर्ज कराने, अवैध डीड और म्यूटेशन रद्द कराने, दंडाधिकारी एवं सुरक्षा बल की नियुक्ति कर जमीन की मापी कराने, अबुआ आवास स्वीकृत करने, बाघमारा में पर्यटन स्थल विकसित करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा मौजूद थे।

# श्रद्धा और सम्मान के साथ शहीद निर्मल रवानी का शहादत दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा बाजार स्थित झामुमो नेता और अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी के आवासीय कार्यालय में मंगलवार, को शहीद नेपाल रवानी का 35वां शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद नेपाल रवानी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निर्मल रवानी ने कहा कि शहीद नेपाल रवानी का पूरा जीवन संघर्ष में बीता। वे हमेशा किसान, मजदूर और असंगठित श्रमिकों के हक और अधिकार के लिए माफिया के खिलाफ लड़े और अंततः शहीद हो गये। झारखंड आंदोलनकारी क्रांतिकारी नेता दयाल महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में शहीद नेपाल रवानी का अग्रणी योगदान रहा है। उनके बलिदान को हम कभी नहीं भूल सकते।₹ इस कार्यक्रम में झामुमो नेता निर्मल कुमार रवानी (अधिवक्ता), अमित कुमार पाठक, सुचित कुमार रवानी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुशील कुमार अग्रवाल, जितेंद्र कुमार ठक्कर, मोहम्मद कमाल अंसारी, प्रहलाद कुम्भकार, गोपाल दास, जितु पांडे, मुन्ना रवानी, देवरत रवानी, मोहम्मद मुर्तजा अंसारी, पवन रवानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहीद नेपाल रवानी के योगदान और बलिदान को याद किया गया और उनकी वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें ।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's® Today® CHAPTER WISE® CLASS - XI 2025
With OMR Sheet for Practice
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
विज्ञान विषय: हिन्दी (कोर), अंग्रेजी (कोर), अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन, गणित, जीवविज्ञान एवं कम्प्यूटर साइंस
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!

POPKORN cinemas
SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
CHHAAVA
Schedule For 25th Feb., 2025 onwards!

| | |
|---|---|
| at Screen-1 (Sujata) | |
| Chhaava | : 11.00, 1.45, 4.45, 7.45 |
| at Screen-2 (Miniplex) | |
| Chhaava | : 12.00, 3.15, 6.00 |
| at Popkorn Cinemas | |
| Chhaava | : 11.30, 2.15, 4.00, 5.00, 7.00, 8.00 |
| Sanam Teri Kasam | : 1.15 |
| Mere Husband Ki Biwi | : 10.45 |

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

हिन्दी दैनिक आजाद सिपाही
CLASSIFIED
Classified

SHUBARAMBH EVENTS
Holi Dhamaal
LIVE BAND & DJ | COMPLIMENTARY THANDAI | UNLIMITED COLOUR | RAIN DANCE | GAMES FOOD STALLS | MOCKTAILS
LIMITED OFFER
8th March | 10:00 AM Onwards
STAG 499/- GROUP 1999/- COUPLE 999/-
Venue : Swastik Marriage Hall
Anchal Office Road, No.- 7, Near Hehal Ganga Nagar, Pathartoli, Ranchi
FOR BOOKINGS +91 8340773711

जयपुर रत्न मंदिर
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में खुदरा रत्न विक्रेता
BIS 916
100% हॉलमार्क सोने की विशाल रेंज
CERTIFIED GEMS
पन्ना मूंगा माणिक्य नीलम मोती पुखराज डायमंड लहसुनीया गोमेद
विशेषताएं:
• 100% प्रमाणित रत्न • Original Bill
• 80% से 90% बैक (शुद्ध रत्नों में)
• शुद्ध रत्नों की गारंटी • पुराने रत्नों की खरीद
जेम्स और ज्वेलरी में सबसे सस्ता, सबसे अच्छा
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
फोन : 9431184212, 9334718303
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, रांची (झारखंड)

GeetAnshi
MUSTARD Oil
... Inspire Your Heart & Health
For Good & Pure Food
Wants Sales Executive
Persons having experience in FMCG with two Wheeler.
Earn upto Rs. 30,000/- Per Month.
Contact 7004707013 / 9431369075
Lovely Inspiration Food
Near shilpa kala Kendra, Kokar Industrial Area
Ranchi -834001 (Jharkhand)

RAJU KUMAR - 8789580570
VIKARM - 8434616524
PROUD MOBILE WORLD
DEALS IN: All Type of Mobiles, Accessories & D.T.H. Recharge
Specialist in : MOBILE REPAIRING
MOBILE FINANCE
यहां पर गाड़ी इन्श्योरेंस किया जाता है ।
SAMSUNG NOKIA mi vivo honor itel mobistar GIONEE LAVA
NEAR HANUMAN MANDIR, H.B.ROAD,KOKAR CHOWK
P.S. SADAR, RANCHI, JHARKHAND-834001

88094-29297
BAHA AQUARIUM
E-mail:bahaaqua570@gmail.com
Near Dharam Kanta Petrol Pump, H.B. Road, Ranchi (Jharkhad)

हिन्दी दैनिक
आजाद सिपाही
कलम कलम बढ़ाये जा
वर्गीकृत विज्ञापन के लिए संपर्क करें -
डॉ. कमलेश कुमार - 9304805749
सनोज कुमार - 7209001826
रोहित सिंह - 9304280115
कोकर चौक, राँची

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# खोरधारोड मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड मंडल।** खोरधारोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने डिवीजन के नौ रेल कर्मचारियों को उनकी अनुकरणीय सतर्कता और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए मान्यता दी और सम्मानित किया। इन सतर्क कर्मचारियों ने अपने संबंधित विभागों में हॉट एक्सल और ब्रेक बाइंडिंग के मामलों का पता लगाया और तत्काल एहतियाती कार्यों के लिए तुरंत अपने उच्च अधिकारियों को सूचित किया।

सम्मानित होने वालों में संजीव कुमार, ट्रैक मेंटेनर/ पटिया, मानस रंजन साहू, ट्रैक मेंटेनर/ कालूपराघाट, संजय कुमार बेहरा, ट्रैक मेंटेनर/ भूसंदपुर, एसके परविस अल्लाम, ट्रैक मेंटेनर/ भुवनेश्वर, शंकरसन महाराणा, ट्रैक मेंटेनर/ गोरकनाथ, लक्ष्मण मुर्मू, टीपीएमए/ हरिदासपुर, प्रमोदा कुमार नायक, ट्रेन मैनेजर/ खोरधारोड, देवव्रत राउत लोको पायलट/ जखपुरा और पूर्ण चंद्र पांडा, लोको पायलट/खोरधारोड हैं। सम्मान समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पीके बेहरा और अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) शुभ्रा ज्योति मंडल के साथ वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी नमोनारायण मीणा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



सम्मान समारोह के दौरान एचएस बाजवा ने इन रेलवे कर्मचारियों के अटूट समर्पण की सराहना की, जो ट्रेनों के सुरक्षित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अथक रूप से काम करते हैं।


# इनकम टैक्स भरने के बाद भी राशन में कटौती नहीं होगी: कृष्णचंद्र पात्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अगर आप आयकर दाखिल करते हैं, तो भी राशन कार्ड में कटौती नहीं की जायेगी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा एक सर्वेक्षण किया जायेगा। अधिकारी घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। उन लोगों के दस्तावेजों की जांच करेंगे, जिन्होंने आयकर रिटर्न दाखिल किया है। ग्रामीण क्षेत्र में 10,000 रुपये और शहरी क्षेत्र में 15,000 रुपये मासिक आय होने पर राशन कार्ड कट जायेगा, लेकिन इससे कम आय होने पर आयकर में कटौती नहीं की जायेगी। ऐसा मंगलवार को खाद्य आपूर्ति मंत्री कृष्णचंद्र पात्र ने सूचना दी है।



मंत्री श्री पात्र ने पहले कहा था कि जो लोग आईटी रिटर्न दाखिल कर रहे हैं, उन्हें अपने राशन कार्ड वापस करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि उन्होंने आज कहा कि अगर वह इनकम टैक्स भरते हैं, तो भी राशन कार्ड नहीं काटा जायेगा। अनुबंधित कर्मचारी को राशन कार्ड वापस करने की आवश्यकता नहीं है। जिन लोगों के पास बड़ी नौकरी नहीं है, वे भी राशन कार्ड वापस नहीं करेंगे। 10 या 12 हजार रुपये वेतन पाने वाले भी राशन कार्ड रख सकते हैं। आज भी अधिकारियों को निर्देश है कि किसी का कार्ड न काटें और चावल न रोकें, जो भी वास्तव में गरीब होगा, उसके पास राशन कार्ड रख सकते।




# एसओए फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय का वार्षिक उत्सव आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नाटक, नृत्य और संगीत ने शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल विज्ञान संकाय, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (एसपीएस) के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 'एमिटी - 2025' के आयोजन को चिह्नित किया। महोत्सव का उद्घाटन संस्थान के डीन प्रोफेसर देबज्योति दास ने किया, जिसमें सैपिजेन बायोलॉजिक्स, भारत बायोटेक इंटरनेशनल के अध्यक्ष श्यामबाबू सेनापति आदि शामिल हुए।

श्री सेनापति ने छात्रों से अपने नेतृत्व कौशल में सुधार के लिए विषय ज्ञान प्राप्त करने का आग्रह करते हुए फार्मेसी पेशे में अब तक हुए परिवर्तन के बारे में बात की। सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित एसओए के प्रो-वाइस चांसलर प्रो अनुप कुमार सामंतराय ने सफलता प्राप्त करने के लिए उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बात की।


मुख्य वक्ता प्रख्यात उड़िया कवयित्री डॉ सुसामा मिश्रा ने उस दिन मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने रोगी देखभाल के क्षेत्र में धैर्य रखने के लिए फार्मासिस्टों की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले एसओए के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंदा ने आत्म-विकास के महत्व को समझाया।

प्रोफेसर ज्योति रंजन दास, डीन (छात्र कल्याण) ने छात्रों को सफलता पाने और अधिक प्रसिद्धि प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्थान की वार्षिक पत्रिका 'आरोन-2025' का भी अनावरण किया गया।

सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी में प्रोफेसर प्रोफेसर ई. सुबुद्धि ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। समारोह का समापन छात्रों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं के सम्मान के साथ हुआ।

# नथिंग ने 3ए सीरीज के डिजाइन का अनावरण किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर जल्द ही लॉन्च होने वाले अपने फोन (3ए) सीरीज के डिजाइन का अनावरण किया। नथिंग के स्मार्टफोन को नॉर्वेजियन फर्म 1एक्स द्वारा तैयार किये गये एक ह्यूमनॉइड रोबोट नियो गामा द्वारा एक अनोखे तरीके से अनबॉक्स किया गया। दूसरी ओर, डिजाइन डायरेक्टर एडम बेट्स ने नथिंग की यूट्यूब टीम के साथ डिजाइन प्रक्रिया/प्रेरणाओं के साथ-साथ फोन (3ए) सीरीज पर पेरिस्कोप कैमरा लेआउट के औचित्य पर चर्चा की। फोन (3ए) सीरीज के सारे स्पेसिफिकेशन 4 मार्च को अपराह्न 3:30 बजे पर पेश किये जायेंगे। लॉन्च वीडियो नथिंग के यूट्यूब और नथिंग.टेक पर होस्ट किया जायेगा।







# केंद्रीय मंत्री नड्डा 28 को ओड़िशा आयेंगे



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ओड़िशा का दौरा करेंगे। जेपी नड्डा 28 तारीख को ओडिशा दौरे पर आने वाले हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का नौवां राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन और 16वां कमन रिव्यू मिशन रिपोर्ट प्रकाशन कार्यक्रम 28 तारीख को पुरी में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ मुकेश महालिंग मौजूद रहेंगे।


# हाथी के हमले में श्रमिक घायल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गंजाम जिला भंजनगर दक्षिण घुमसरा बनखंड अंतर्गत बेलगुंठा-बालीपदर मुख्य सड़क किरापल्ली गांव के पास हाथी आक्रमण में श्रमिक घायल हो गया। वहां काम कर रहे श्रमिक और स्थानीय लोगने घायल श्रमिक को बचाया और भंजनगर हस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, हालत गंभीर होने पर उन्हें ब्रह्मपुर मेडिकल में स्थानांतरित कर दिया गया। घायल श्रमिक की पहचान आंध्रप्रदेश के सामलकोटा इलाके के मुहम्मद जाफर के रूप में हुई है। वन खंड अधिकारी ने बताया कि वन विभाग कर्मचारी अस्पताल पहुंचे और वित्तीय सहायता दी।

# बैग में नवजात शिशु मिला

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बालेश्वर जिले के जलेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग 60 पर रूपसा के पास एक बैग से एक नवजात शिशु पुत्र को उद्धार किया गया। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही पुलिस ने नवजात शिशु पुत्र को उद्धार कर अस्पताल में भर्ती कराया। शिशु पुत्र किसका है, उसे किसने छोड़ा, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिला है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**